वर्ष : 33 ⏩ अंक : 180 ⏩ पृष्ठ : 8 ⏩ मुंबई, रविवार, 15 सितंबर 2024 ⏩ RNI: MAHHIN/49994/91 ⏩ मूल्य : 3 रुपए ⏩ epaper.dobajedopahar.com ⏩ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है





### सीएम शिंदे ने प्याज निर्यात पर न्यूनतम शुल्क हटाने पर पीएम मोदी का जताया आभार

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 'राज्य के सभी प्याज किसानों की ओर से, मैं पीएम मोदी को प्याज निर्यात पर न्यूनतम शुल्क हटाने के फैसले के लिए धन्यवाद देता हूं। प्याज पर निर्यात प्रतिबंध पहले ही हटा लिया गया था, लेकिन निर्यात शुल्क लगाया गया था। इसके कारण किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मैंने इस संबंध में केंद्र से अनुरोध भी किया था। न्यूनतम निर्यात शुल्क (550 डॉलर प्रति मीट्रिक टन) हटाने का फैसला महाराष्ट्र में हजारों प्याज उत्पादकों के लिए राहत के रूप में आया है और इससे प्याज निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी।'

# सरकार का चुनावी गणित

- केंद्र सरकार ने प्याज से न्यूनतम निर्यात मूल्य की सीमा को हटाया
- अब किसान भारत से ज्यादा मात्रा में प्याज किसी भी दाम पर विदेश भेज सकेंगे

## सरकार के इस फैसले से किसानों को जरूर फायदा होगा लेकिन घरेलू बाजार में प्याज के दामों में होगा उछाल

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट को लेकर एक बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने प्याज से न्यूनतम निर्यात मूल्य की सीमा को हटा दिया है। यानी अब किसान भारत से ज्यादा मात्रा में प्याज किसी भी दाम पर विदेश भेज सकेंगे। सरकार के इस फैसले से किसानों को फायदा होगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पांच सितंबर को शुरू की गई सरकार की सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 रुपये से घटकर 55 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि मुंबई में 61 रुपये से घटकर 56 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चेन्नई में खुदरा कीमत 65 रुपये से घटकर 58 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा फैसला

केंद्र सरकार के इस फैसले को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान महाराष्ट्र के किसानों ने भाजपा और उसके सहयोगी दलों को बड़ा झटका दिया था। क्योंकि सरकार ने प्याज के दाम में कमी करने के लिए अगस्त 2023 में पहली बार 40 परसेंट एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाई थी। इसका पूरे महाराष्ट्र में जमकर विरोध हुआ था। किसानों और व्यापारियों ने मिलकर प्रदेश की कई सब्जी मंडियों को बंद रखा था। इसके बाद फिर सरकार ने इसी साल मई में 50 डॉलर प्रति टन की न्यूनतम निर्यात मूल्य वाली शर्त लगाई गई थी। कई राज्यों में प्याज की खेती वाले किसान अभी भी केंद्र सरकार से नाराज है। क्योंकि हाल ही में उपभोक्ता मामले मंत्रालय ने एक आदेश जारी किया है। इसमें मंत्रालय ने नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनसीसीएफ) और नेफेड को देश के विभिन्न शहरों में 35 रुपये प्रति किलो बेचने का निर्देश दिया है। महाराष्ट्र के कई किसान संगठनों ने ऐलान किया है कि किसान महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार से बदला लेंगे। किसानों की इन नाराजगी को देखते हुए केंद्र सरकार ने प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य खत्म करने कम करने का फैसला लिया है, ताकि महाराष्ट्र के किसानों का गुस्सा शांत किया जा सके। क्योंकि महाराष्ट्र ही देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक राज्य है और कुछ महीनों में यहां चुनाव होने वाले हैं।

### बाजार में फिर महंगे हो सकते है प्याज

केंद्र सरकार के इस निर्णय का सीधा असर मंडियों पर जल्द दिखाई दे सकता है। प्याज से न्यूनतम निर्यात मूल्य हटने के बाद प्याज उत्पादक राज्यों के किसान अच्छी गुणवत्ता प्याज वाले ज्यादा मात्रा में विदेश में बेचेंगे। इससे उन्हें प्याज की अच्छी कीमत मिलगी। वहीं अभी प्याज की नई फसल में आने में करीब दो से तीन माह का वक्त है। ऐसे में किसानों के पास जो अभी प्याज का स्टॉक है। उसे वह अच्छे दामों पर एक्सपोर्ट करेंगे। ऐसी स्थिति में प्याज भाव में उछाल देखने को मिल सकते है। अभी खुदरा बाजार में प्याज 60 से 80 रुपये प्रति किलो चल रही है। पिछले 15-20 दिनों में प्याज की कीमत में तेजी आई है। व्यापारियों का कहना है कि प्याज की कीमत में तेज बारिश के चलते ट्रकों की आवाजाही प्रभावित होने और मांग में तेजी के कारण आई है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### महाप्रसाद खाने के बाद 60 छात्र बीमार

**जलगांव।** जलगांव जिले के पारोला तहसील के सारंग माध्यमिक विद्यालय शिवरे में गणेशोत्सव का महाप्रसाद खाने से 60 छात्र बीमार हो गए। इन



सभी का इलाज पारोला कुटीर अस्पताल में हो रहा है। इनमें से दो छात्रों श्रुति कैलास बेलेकर और ऐश्वर्या जगन महाले की हालत खराब होने के कारण उन्हें धुले स्थानांतरित कर दिया गया है। शिवरे दीगर में स्वर्गीय वसंतराव जीवाउ बहुउद्देश्यीय संस्थान द्वारा संचालित सारंग माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय गणपति विसर्जन के अवसर पर शुक्रवार को एक महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। महाप्रसाद लेने के कुछ ही घंटों के बाद छात्रों को मितली और चक्कर आने लगे। इसलिए इन छात्रों को शुक्रवार देर रात परोला कुटीर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां शनिवार को भी छात्रों का इलाज जारी है। अस्पताल के बाहर छात्रों के अभिभावकों की भीड़ लगी हुई है।

### विपक्ष के वरिष्ठ नेता ने मेरे सामने प्रधानमंत्री पद का रखा था प्रस्ताव : गडकरी

**नागपुर।** केंद्रीय परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता ने उनके सामने प्रधानमंत्री



पद का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। पत्रकारिता पुरस्कार समारोह के दौरान मीडिया बिरादरी को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा, ३मैंने नेता से कहा कि मैं एक विचारधारा और विश्वास का पालन करने वाला व्यक्ति हूं। मैं एक ऐसी पार्टी में हूं जिसने मुझे वह सब कुछ दिया है जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। कोई भी प्रस्ताव मुझे लुभा नहीं सकता।'

### पीएम-सीएम पर टिप्पणी मामला : पुलिसकर्मी पर गिरी गाज, पुलिसकर्मी पदावनत

**ठाणे।** ठाणे पुलिस के एक 'हवलदार को एक साल की अवधि के लिए कांस्टेबल रैंक में पदावनत किया गया है। 'हवलदार ने प्रधानमंत्री, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और अन्य के बारे में व्हाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की थी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 'हवलदार ने इस साल 3 जुलाई को अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद उसके खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी गई थी। पुलिस उपायुक्त के आदेश के अनुसार, उसे पदावनत किया गया है। क्योंकि उसके कार्यों को सेवा नियमों का उल्लंघन माना गया और उसमें निष्पक्षता की कमी दिखी। अधिकारी ने बताया कि एक साल की पदावनति का नरम आदेश उसके सेवा रिकॉर्ड, पारिवारिक स्थिति और सेवा की अवधि को देखते हुए लिया गया है।

# 'हम जो कमिटमेंट करते हैं फिर खुद की भी नहीं सुनते'

## सीएम शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधा

**नितिन तोरस्कर । मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है और कहा कि इस योजना को कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री 'माझी लाडकी बहिन योजना अभियान' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि वे चुनाव के बाद अपने वादे भूल गए। सीएम शिंदे ने कहा, 'मेरी लाडली बहनों, यह उत्साह साबित करता है कि हमारी योजना सफल रही है, मुझे इस बात की खुशी है। लाडली बहनों के लिए हमारी योजना की समय सीमा 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। जिनके खातों में पैसा नहीं आया है, उन्हें एक और मौका मिलेगा। इस योजना को कोई नहीं रोक सकता, लेकिन कुछ लोगों ने इस योजना में बाधा डालने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके।'



### 'चांदी के चम्मच में खानेवाले 1500 रुपये की कीमत नहीं समझेंगे'

उन्होंने कहा, 'जो लोग चांदी के चम्मच के साथ रहते हैं, धन-दौलत से घिरे रहते हैं, वे इस 1500 रुपये की कीमत नहीं समझेंगे। इसकी असली कीमत मेरी गरीब माताएं और बहनें जानती हैं। मैं भी एक किसान का बेटा हूं, और मैंने कठिनाइयां देखी हैं।' उन्होंने आगे कहा कि जब उनकी सरकार कोई वादा करती है तो वे अपनी बात भी नहीं सुनते।

### चुनाव बाद ये लोग अपना वादा भूल जाते हैं : सीएम शिंदे

उन्होंने कहा, 'ये लोग और उनके नेता चुनाव के दौरान कहते थे कि आपके खातों में पैसा आना शुरू हो जाएगा, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुआ, वे अपने वादे भूल गए। ऐसा लगा जैसे 'प्रिंटिंग मिस्टेक' हो गई हो। लेकिन जब हम वादा करते हैं तो हम खुद की भी नहीं सुनते। बालासाहेब भी कहते थे, 'या तो वादा करो, लेकिन करो तो उसे किसी भी कीमत पर पूरा करो।'

### हम महिलाओं को करोड़पति देखना चाहते हैं : सीएम शिंदे

महाराष्ट्र के सीएम ने कहा कि वे महिलाओं को करोड़पति बनते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा संकल्प 1500 रुपये पर नहीं रुकेगा। हम अपनी बहनों को करोड़पति बनते देखना चाहते हैं। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं, 'अगर महिलाएं सशक्त होती हैं, तो देश सशक्त होता है।'

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव**

# कांग्रेस ने बनाया मेगा प्लान

**दीपक पवार । मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। लोकसभा चुनाव में बड़ी सफलता हासिल करने के बाद कांग्रेस अब महाराष्ट्र में बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस ने राज्य में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव के लिए मेगा प्लान तैयार किया है। इस योजना के मुताबिक कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में डेरा डालेंगे। शनिवार को महाराष्ट्र में प्रदेश कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में चुनाव प्रचार की रणनीति बनाई गई है। दोनों नेता सबसे ज्यादा फोकस महाराष्ट्र पर रखेंगे और राज्य में सबसे ज्यादा सभाएं करेंगे। इसके अलावा सूत्रों ने बताया कि



### राहुल-प्रियंका करेंगे 15 से 20 सभाएं

कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता भी महाराष्ट्र पर फोकस करने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र पर खास ध्यान देने वाले हैं। महाराष्ट्र में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की 15 से 20 सभाएं होने के आसार हैं। इसके साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की भी सभाएं होंगी।

### प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने की बैठक

इस बीच, कांग्रेस नेता और राज्य के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने कांग्रेस की शनिवार की बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनकीवरिष्ठ नेताओं से मुलाकात हुई। उनसे राज्य के हालात पर चर्चा की और सारी जानकारी दी। मोर्चे को लेकर वरिष्ठ नेताओं से भी चर्चा हुई है। अब जिला बैठक 23 सितंबर को चंद्रपुर में होगी। विजय वडेट्टीवार ने बताया कि इस बैठक में हम जिलेवार समीक्षा करेंगे। उन्होंने चंद्रपुर में हुए विवाद पर भी टिप्पणी की। इस विवाद पर कोई चर्चा नहीं हुई। ये विवाद महज़ एक गलतफहमी है। इस गलतफहमी को दूर कर लिया गया है।

### कांग्रेस ने चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

इस बीच, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। उन्होंने इस पर टिप्पणी भी की। सर्वे कहता है कि बीजेपी 55 से 60 के पार नहीं जाएगी। बीजेपी की महायुति की सरकार महाराष्ट्र को लूट रही है। ये भाजपा के लोग हैं, जो छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति बनाने में भी कमीशन खाते हैं। 32 करोड़ कौन खा गया? इसकी जांच कर पता लगाने की जरूरत है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी

## साढ़े सात किलो सोने के साथ आठ गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

सीमा शुल्क विभाग (कस्टम विभाग) ने मुंबई एयरपोर्ट पर तस्करी के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7.465 किलोग्राम सोना भी बरामद किया गया है। बरामद सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5.113 करोड़ रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपितों में मुंबई एयरपोर्ट के दो संविदा कर्मचारी भी हैं।

### गुरुवार एवं शुक्रवार को विशेष कार्रवाई

मुंबई कस्टम विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि विभाग की ओर से गुरुवार एवं शुक्रवार को विशेष कार्रवाई की गई थी।



इसके तहत पहले मामले में दुबई और मेडागास्कर के तीन यात्रियों की तलाशी ली गयी। उनके पास से कुल 4.655 किलोग्राम 24 कैरेट सोना बरामद किया गया। यह सोना बड़ी चालाकी से दो यात्रियों ने अपने पतलून की जेब में छिपाया था। दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### एक अन्य ऑपरेशन

एक अन्य ऑपरेशन में एयरपोर्ट के डिपार्चर एरिया में काम करने वाले दो संविदा कर्मियों को सोने की तस्करी करते पकड़ा गया। इनके पास से सात मोम की थैलियों में छुपाया गया 24 कैरेट का 2.81 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है। आरोपित ने सोना अंडरवियर और पतलून की जेब में छिपा रखा था। इन दोनों से पूछताछ में पता चला कि इन दोनों के चार अन्य साथी भी सोने की तस्करी में शामिल हैं। इस तरह कस्टम ने सभी छह लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों मामलों में गिरफ्तार किये गए कुल आठ लोगों से पूछताछ जारी है।

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024**

# महायुति में हो रहा मोह भंग!

## टिकट की आस में भाजपा और अजीत पवार के नेता शरद पवार की NCP में हो रहे शामिल

**धीरज सिंह । मुंबई**



महाराष्ट्र में इस साल के नवंबर-दिसंबर के बीच में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे लेकर राजनीतिक दल अभी से कमर कसते नजर आ रहे हैं। इसी के साथ-साथ राज्य में दल-बदलने का दौर भी शूरू हो गया है। दरअसल, महाराष्ट्र की सत्ताधारी महायुती सरकार के कुछ नेता विपक्षी दलों के महाविकास अघाड़ी दल (एमवी) में शामिल हो गए हैं। हाल ही में अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के कुछ विधायकों ने शरद पवार की एनसीपी में शामिल हो गए हैं। हालांकि, इनमें से हाल ही में एनसीपी (शरद गुट) में शामिल होने वाली भाग्यश्री मात्रम ने कहा, 'मुझे अच्छा नहीं लग जिस तरह मेरे पिता ने शरद पवार गुट को छोड़ा और महायुति ज्वाइन करने के बाद से ही वह अजित पवार गुट के साथ काम कर रहे थे। वह जनता के कल्याण का झूठा आश्वासन दे रहे थे।'

### भाजपा के कई नेताओं ने छोड़ी पार्टी

लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सूर्यकांता पाटिल ने भी भाजपा छोड़ दी थी। वह शरद पवार की एनसीपी में शामिल हो गए थे। इसके एक महीने बाद भाजपा नेता माधवराव किन्हालकर ने भी पार्टी का साथ छोड़कर एनसीपी (शरद गुट) ज्वाइन कर ली थी। इस दौरान अब तक महायुति के कई नेता टिकट मिलने की आस में एनसीपी (शरद गुट) में शामिल हो चुके हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में महायुति सरकार के डिप्टी सीएम अजित पवार की एनसीपी का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा था। चुनाव में पार्टी को केवल एक ही सीट पर जीत नसीब हुई थी। इसके बाद जुलाई में पिंपरी चिंचवाड़ क्षेत्र के एनसीपी चीफ ने अजीत पवार की एनसीपी छोड़ दी थी। अब वह एनसीपी (शरद गुट) के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरने की आस में है। इसके अलावा भाजपा को सितंबर में ही जोरदा झटका लगा। पार्टी में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडवीस के बेहद खास माने जाने वाले समरजीत सिंह घटगे ने एनसीपी (शरद गुट) का दामन थाम लिया है। उन्हें कोल्हापुर के कागल सीट से चुनावी मैदान में उतरने की उम्मीद हैं। इसके बाद अब भाजपा के अन्य नेता अतुल बेंके और हर्षवर्धन पाटिल की भी शरद पवार की एनसीपी में जाने की अटकलें लगाई जा रही है।

**अपील** कमिश्नर ने अपील कर किया सतर्क, कहा- फर्जी नोटिस का जवाब न दे जनता

# जालसाजों से परेशान हो गई है मुंबई पुलिस

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

देश की आर्थिक नगरी में मुंबई में पुलिस जालसाजों से जनता को बचाने के कड़ी में अपील कर रही है, अगर आपको किसी तरह से गिरफ्तारी का नोटिस, संदेश, ईमेल या व्हाट्सअप मैसेज मिल रहा है, तो उसका जवाब देने से बचें। जी हां मुंबई पुलिस के कमिश्नर विवेक फनसालकर ने जनता से इस मामले में अपील की है।



### 'फर्जी गिरफ्तारी नोटिस मिले तो वे पुलिस से संपर्क करें'

मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फनसालकर ने शनिवार को लोगों से आग्रह किया कि अगर उन्हें ईमेल, फोन कॉल या मैसेजिंग ऐप के जरिए कोई फर्जी गिरफ्तारी नोटिस मिले तो वे पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि क्या आपको मुंबई पुलिस आयुक्त से गिरफ्तारी नोटिस मिला है? इसे हमारे संज्ञान में लाएं। मुंबई पुलिस आयुक्त की ओर से प्राप्त किसी भी फर्जी गिरफ्तारी नोटिस पर विश्वास न करें या उसका जवाब न दें।

### धोखेबाजों के झांसे में न आए : फणसालकर

लोगों को ऐसे धोखेबाजों के झांसे में नहीं आना चाहिए जो इस तरह का संदेश भेजते हैं और इसके बजाय पुलिस को रिपोर्ट करें, फनसालकर ने कहा। बता दें कि पुलिस आयुक्त ने ऐसे ही एक नोटिस का स्क्रीनशॉट भी पोस्ट किया जो वायरल हो गया था।

### तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले

अस्पष्ट अंग्रेजी में लिखे और ईमेल के जरिए भेजे गए तथाकथित नोटिस में प्राप्तकर्ता को पुलिस आयुक्त के दफ़्तर में आने के लिए कहा गया था, जिसमें दावा किया गया था कि पोर्नोग्राफी से जुड़े किसी मामले में व्यक्ति के आईपी (इंटरनेट प्रोटोकॉल) पते के खिलाफ अदालती आदेश है। इसमें सीबीआई का भी जिक्र किया गया था। दरअसल राजधानी में हाल ही में ऑनलाइन धोखाधड़ी के कई मामले सामने में आए हैं, जिनमें धोखेबाज पुलिस या अन्य कानून प्रवर्तन/सरकारी एजेंसी के रूप में पेश आते हैं और पैसे ऐंठ लेते हैं।

# मुंबई को विकसित करने के लिए नीति आयोग का मास्टर प्लान



**मुंबई।** मुंबई एमएमआर क्षेत्र (मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन) को वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए नीति आयोग ने एक मास्टर प्लान बनाया है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में मुंबई महानगरीय क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास क्षमता होने का विश्वास व्यक्त करते हुए दावा किया है कि इस क्षेत्र तेज आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे में 50 बिलियन अमरीकी डालर के पूंजीगत निवेश की जरूरत है। इससे यह शहर शान से रहने लायक बन जाएगा। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मुंबई को वैश्विक शहर बनाने के लिए केंद्र सरकार के अंतर्गत आनेवाले पोर्ट ट्रस्ट की 253 हेक्टेयर भूमि का विकास करना होगा। इसी तरह केंद्र सरकार के मातहत आनेवाली भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई), रक्षा विभाग एवं रेलवे की जमीन पर बसे झोपड़ों का पुनर्वास भी करना होगा। जैसे कि लंदन और शंघाई जैसे वैश्विक केंद्रों ने अपने कम उपयोगवाले शहरी बंदरगाहों का पुनर्विकास किया।


# मूर्ति कारखाने में रखी 62 गणपति मूर्ति के साथ तोड़फोड़

## पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के कामतघर स्थित पद्मानगर में देर रात अज्ञात व्यक्ति ने एक बंद कारखाने में 62 गणपति बप्पा की मूर्तियों के साथ तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से विशेष समुदाय के लोगों की भावनाओं को काफी ठेस पहुंचा है। इस खबर के फैलते ही देखते ही देखते घटना स्थल पर गणेश भक्तों की भारी भीड़ जमा हो गई और आक्रोशित गणेश भक्तों ने नारे बाजी शुरू कर दी। इस की जानकारी मिलते ही पुलिस उपायुक्त पूरी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और गणेश भक्तों को आश्वासन दिया की इस घटना के पीछे जो भी है उन सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा जिस के बाद भिवंडी पश्चिम के भाजपा विधायक महेश चौगुले, संतोष शेट्टी मौके पर पहुंच कर मामले को नियंत्रण करने का प्रयास करते हुए गणेश भक्तों को समझा बुझा कर शांत कराया।

### आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का पुलिस उपायुक्त ने दिया आश्वासन



पुलिस के अनुसार, पद्मानगर इलाके में आशिष टॉकीज के पास रहने वाले राजेंद्र ज्ञानेश्वर श्रीगादी 22 ने शहर पुलिस को बताया की वह पिछले 6 वर्षों से गणेशोत्सव त्योहार पर श्री गणेश की मूर्तियां बना कर बेचने का काम करते है। इस वर्ष भी अहमदनगर से सैकड़ों मूर्तियां खरीद कर लाए थे जिसे पद्मानगर स्थित साईनाथ पवार के कार्यालय के सामने कनका बार के पास प्लास्टिक की ताड़पत्री का मंडप बना कर मूर्तियों को रंगने का कारखाना बनाया था। इस कारखाने में छोटी बड़ी मिला कर कुल 66 गणपति की मूर्तियां रखी हुई थी। गुरुवार से शनिवार के बीच देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने उक्त कारखाने में घुस कर कारखाने में रखी छोटी बड़ी सभी 62 मूर्तियों के साथ तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं अज्ञात व्यक्ति ने मूर्तियों को रंगने वाली मशीन भी चोरी कर लिया और फरार हो गया। इस घटना में कुल 1.54 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। इस प्रकरण में शहर पुलिस स्टेशन ने राजेंद्र श्रीगादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 298, 324(2), (3), (4), 303(2) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त डॉ. श्रीकांत परोपकारी ने कहा की घटना स्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की जांच कर घटना को।अंजाम देने वाले आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। विधायक महेश चौगुले ने सभी गणेश भक्तों से अपील करते हुए कहा कि पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है, इस लिए हमें शहर में शांति बनाए रखते हुए गणेशोत्सव त्योहार मनाना चाहिए।

# पति ने की पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या



**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले में एक खौफनाक मंजर देखने को मिला। पालघर के विरार में 38 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी से झगड़े के बाद उसकी चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### गुस्से में कर दी हत्या

मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी गोपाल राठौड़ को शराब पीने की आदत थी और वह शराब पीकर घर लौटने के बाद अपने परिवार के सदस्यों को परेशान करता था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 4 बजकर 30 मिनट पर उसका पत्नी भारती से झगड़ा हुआ। गुस्से में आकर उसने चाकू निकाला और पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

### पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी

घटना के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एक टीम मौके पर भेजी गई। उन्होंने बताया कि पीड़िता के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# थाने में हंगामा करने के आरोप में मां-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले के एक पुलिस थाने में कथित तौर पर हंगामा करने के आरोप में एक महिला और उसके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मां-बेटा और एक अन्य व्यक्ति गुरुवार दोपहर डोंबीवली के एक पुलिस थाने पहुंचे। इस दौरान कथित तौर पर मां-बेटा ड्यूटी अधिकारी पर चिल्लाने लगे और उस व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग की, जिसके खिलाफ उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी।

### कोई गिरफ्तारी नहीं

उन्होंने बताया कि ड्यूटी अधिकारी की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 221 (लोक सेवक के सरकारी कार्य में बाधा डालना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है।

# जीएसटी चोरी के मामले में मुंबई रहा सबसे आगे

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**




रोजमर्रा की चीजों पर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (GST) लगाने से वैसे तो बड़ी हायतौबा मची रहती है लेकिन क्या आपको पता है कि GST चोरी भी उतने ही धड़ल्ले से होती है। सबसे खास बात ये है कि इस GST चोरी करने में कोई पिछड़ा इलाका नहीं बल्कि दौलत वालों की नगरी मुंबई पहले पायदान पर है। जी हां, वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (DGGI) की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 में सबसे ज्यादा 70,985 करोड़ रुपए की GST चोरी मुंबई जोन में पकड़ी गई है। इस दौरान मुंबई जोन में GST चोरी के कुल 388 मामले सामने आए। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले साल यानी 2022-23 में 163 मामले सामने आये थे और GST चोरी की रकम महज 4,190 करोड़ रुपए थी। यानी महज एक साल में मुंबई जोनल यूनिट में GST चोरी के मामले बढ़े 138 फीसदी लेकिन चोरी की रकम करीब 1594 फीसदी बढ़ी।

### ऑनलाइन गेमिंग में सबसे अधिक चोरी

हालांकि इसमें मुंबई जोन के रियल मनी ऑनलाइन गेमिंग (RMOG) सेक्टर का बड़ा हाथ रहा। पूरे देश की बात करें तो इस रियल मनी ऑनलाइन गेमिंग (RMOG) सेक्टर से सिर्फ 78 मामलों में 81875 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी पकड़ी गई। इसके पीछे एक बड़ी वजह ये भी रही कि पिछले दो साल में इस सेक्टर से जुड़े GST नियमों में कई बदलाव किए गए हैं।

### 2023-24 में जीएसटी चोरी के 6084 मामले

अगर पूरे देश की बात करें तो 2022-23 में GST चोरी के कुल 4872 मामले पकड़े गए जो अगले साल यानी 2023-24 में बढ़कर 6084 मामले पर पहुंच गए। चोरी की रकम दो गुनी बढ़ी है। 2022-23 मे जहां 1,01,354 करोड़ रुपए की GST चोरी पकड़ी गई वहीं अगले साल यानी 2023-24 में ये 2,01,851 करोड़ रु पर पहुंच गई। इसमें मुंबई जोनल यूनिट के बाद दूसरे नंबर पर दिल्ली जोनल यूनिट रही, जहां 2023-24 में जीएसटी चोरी के 181 मामले आए और रकम 18,313 करोड़ रुपए थी। तीसरे नंबर पूणे रहा जहां मामलों की संख्या 163 रही और रकम 17,328 करोड़ रुपए थी।

# 16 वर्षीय लड़की लापता, मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**




ठाणे जिले में 16 वर्षीय मूक-बधिर लड़की अपने घर से लापता हो गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने डोंबिवली इलाके में लड़की के माता-पिता की शिकायत के आधार पर अपहरण का मामला दर्ज किया है। किशोरी शुक्रवार की सुबह आजादपाड़ा इलाके में अपने घर से लापता हो गई थी। लड़की की मां ने गुरुवार रात को उसे मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के लिए डांटा था। उन्होंने बताया कि डांट से नाराज होकर वह सुबह करीब 6 बजे घर से निकली और कथित तौर पर पास के एक मंदिर से गायब हो गई। अधिकारी के अनुसार परिवार को संदेह है कि लड़की का अपहरण किया गया है। उन्होंने बताया कि लड़की पहले भी दो बार घर से निकल चुकी थी, लेकिन उसे ढूंढकर वापस लाया गया।

# निवेशकों से 6.25 करोड़ रुपए की ठगी के आरोप में दो लोगों पर मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे शहर में, निवेश के बदले अत्यधिक लाभ होने का झांसा देकर लोगों से 6.25 करोड़ रुपए की ठगी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एक शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी मनीष मलकान और अर्पित शाह के खिलाफ एक मामला दर्ज किया।


### अक्टूबर 2020 से मई 2023 के बीच की गई ठगी




उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2020 से मई 2023 के बीच की गई ठगी को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) तथा अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत यह मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने लोगों को अपनी कंपनी 'मनी मेकर मलकान' में निवेश करने का कथित तौर पर लालच दिया। आरोपियों ने दावा किया था कि उनकी कंपनी को सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) से लाइसेंस प्राप्त है। आरोपियों ने लोगों को निवेश पर छह से आठ प्रतिशत लाभ का वादा किया तथा निवेश करने के लिए राजी किया। अधिकारी ने बताया कि फरवरी 2023 में भुगतान बंद हो गया और उन्होंने मूल राशि भी वापस नहीं की। उन्होंने बताया कि इस धोखाधड़ी में 24 निवेशकों को नुकसान हुआ है तथा मामले की जांच जारी है।

# चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

## चार सालों से भारत को बना रखा था अपना ठिकाना



**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले को लेकर ठाणे पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि बिना वैद्य दस्तावेज के देश में रहने के कारण चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है जबकि एक व्यक्ति को उनकी मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मानपाड़ा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान लकी नजरूल शेख (35), मोहम्मद शबीर हुसैन (30), रुकसाना तौसीफ शेख (45) और तौसीफ फिराज शेख (50) के रूप में की है। वहीं पकड़े गए उनके मदद का नाम आमिर है जो कोनगांव में रहत है।

### 2020 से बिना वैद्य दस्तावेज के रह रहे थे

इसको लेकर वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमने शुक्रवार को कल्याण के पिसावली में एक फ्लैट पर छापेमारी के बाद बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ लिया। वो 2020 से बिना वैद्य दस्तावेज के रह रहे थे। यह जानने के बावजूद कि ये लोग बांग्लादेश से हैं उनमें से एक को सिम कार्ड और किराए पर एक घर भी दिलवाया, उन पर विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं।' इससे पहले बीते जून महीने में भी मुंबई में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ गया था। जिन आरोपियों को पकड़ा गया था वो ना सिर्फ अवैध तरीके से रह रहे थे बल्कि वहां अपने दस्तावेज भी बनवा रहे थे। ऐसे चार विदेशी नागरिकों को एटीएस ने गिरफ्तार किया था।

### चारों ही बांग्लादेश के थे मूल निवासी

चारों ही बांग्लादेश के मूल निवासी थे और मुंबई में अवैध तरीके से रह रहे थे। इन लोगों ने यहां फर्जी डॉक्यूमेंट भी बनावा रखा था और इस लोकसभा चुनाव में इन लोगों ने मतदान भी किया था। इनके साथ पांच लोग और थे जो छापा पड़ने से पहले ही फरार हो गए थे।

# पुलिस और सीबीआई अधिकारी बनकर 3.04 करोड़ की ठगी

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**




ठाणे जिले में साइबर जालसाजों ने मुंबई पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बनकर 61 वर्षीय एक महिला से 3.04 करोड़ रुपए ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पिछले दो महीने में ठाणे की निवासी महिला से कुछ ऐसे व्यक्तियों ने संपर्क किया, जिन्होंने खुद को एक कूरियर फर्म, साइबर अपराध प्रकोष्ठ और सीबीआई का अधिकारी बताया।

### ठाणे नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महिला से कहा गया कि उसके बैंक खाते से जुड़ी 'संदिग्ध गतिविधियों' की जांच की जरूरत है और उसे पांच ऑनलाइन लेनदेन के जरिये 3.04 करोड़ रुपए भेजने के लिए मजबूर किया गया। अधिकारी ने बताया कि जब पीड़ित महिला को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है, तो उसने शुक्रवार को ठाणे नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# गणपति विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाबों का उपयोग अनिवार्य

## उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने नागरिकों से की अपील

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

गणेशोत्सव के मद्देनजर उल्हासनगर महानगर पालिका ने शहर के नागरिकों से सार्वजनिक त्योहारों को पर्यावरण-अनुकूल मनाने की अपील की है। मनपा ने मूर्ति विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाबों की सुविधा उपलब्ध कराई है, उल्हासनगर मनपा की ओर से गणेश विसर्जन के लिए इन्हीं कृत्रिम तालाबों का उपयोग करने की अपील नागरिको से की है. उत्सव मंडलों को लाउडस्पीकर का उपयोग करते समय ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 का सख्ती से पालन करना चाहिए। प्राकृतिक फूलों की सजावट को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और थर्माकोल और अन्य पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक सामग्रियों के उपयोग से बचना चाहिए।



### विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब

- सेंचुरी क्लब के सामने, शहाड, उल्हासनगर
- आईडीआई कंपनी के सामने, शहाड, उल्हासनगर-1
- बोट क्लब, हीराघाट, उल्हासनगर-3
- उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास, उल्हासनगर-3
- कैलास कॉलोनी, उल्हासनगर-5
- इसके अलावा, जीजामाता उद्यान, मराठा अनुभाग, उल्हासनगर -4 और लालचक्की चौक, उल्हासनगर -4 में निजी संगठनों द्वारा कृत्रिम तालाब भी उपलब्ध कराए गए हैं।

# अवैध निर्माण पर मनपा का हथौड़ा



**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर मनपा के नए आयुक्त विकास ढाकने के आदेश पर मनपा का अवैध निर्माण पर हथौड़ा चला है और अवैध बिल्डिंग को तोड़ा गया है।

### कई महीनों से बनाई जा रही थी बिल्डिंग

*उल्हासनगर बरेक क्रमांक 325 पर कई महीनों से चार मंजिला अवैध बिल्डिंग बनाई जा रही थी। यह काम प्रभाग अधिकारियों की मदद से हो रहा था और धीरज चंचलानी नाम का व्यक्ति यह काम संभाल रहा था। बताया जाता है कि मनोज पंजवानी और कमल चिकना नाम के स्टेट एजेंट ने यह काम धीरज चंचलानी को करने के लिए दिया था और धीरज चंचलानी प्रभाग अधिकारियों के साथ साठगांठ करके बेधड़क आरसीसी अवैध निर्माण कर रहा था। इस अवैध निर्माण की दर्जनों शिकायत महानगरपालिका में की गई थी लेकिन प्रभाग अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। इस बात की शिकायत उल्हासनगर महानगरपालिका के नए आयुक्त विकास ढाकने को चली और उनके आदेश पर महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग के कर्मचारियों ने बरेक नंबर 325 पर बनी अवैध निर्माण पर हथौड़ा चलाकर कार्रवाई की।*

# त्रंबकेश्वर से आए अनाथ बच्चों ने बॉक्सर रूल्स उल्हासनगर राजा का किया दर्शन

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठाणे जिले से सटे उल्हासनगर शहर में बॉक्सर रूल्स उल्हासनगर का राजा गणपति का आयोजन किया गया है इस गणपति में रोजाना सैकड़ो लोग दर्शन कर रहे हैं और भंडारा और प्रसाद का आयोजन भी हर रोज किया जाता है। शनिवार के दिन नासिक जिले के त्रंबकेश्वर से एक बस भर के अनाथ बच्चे उल्हासनगर के राजा का दर्शन करने के लिए आए। इन छोटे-छोटे बच्चों ने गणपति पंडाल के अंदर भक्ति से भरे भजन का आयोजन किया और सभी का मन मोह लिया।

### उल्हासनगर के विधायक ने किया बच्चों का स्वागत



इस मौके पर उल्हासनगर के विधायक कुमार अयलानी ने सभी बच्चों का उत्साह बढ़कर उनका स्वागत किया। भजन के बाद बच्चों को भंडारे में भोजन खिलाया गया और उनको खाने की तमाम चीज उपहार में दी गई ताकि उनको खाने में कोई कमी ना आने आये। गणपति का दर्शन करने में 2 साल के बच्चों से लेकर 15 साल के बच्चों तक कई छोटे-छोटे बच्चे शामिल थे जिनको देखकर सभी का मन भाव विभोर हो गया और सभी लोगों ने अनाथ बच्चों की जमकर सेवा की। बच्चों के लिए सामानों का प्रबंध और उनके आने-जाने का किराया यह सभी चीज उल्हासनगर बक्सर रूल्स उल्हासनगर के राजा गणपति के आयोजक गुरदीप सिंह बॉक्सर, पूर्व नगरसेविका मीना कौर अजित सिंह लबाना और भाजपा नेता अजीत सिंह लबाना ने प्रबंध किया था।

# इम्पा भिवंडी ने किया चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

इइंटीग्रेटेड मेडिसिन प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (इम्पा) भिवंडी द्वारा समदिया सीनियर कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मेगा मेडिकल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कई विविध कार्यक्रम भी शामिल थे। शिक्षक दिवस पर महाराष्ट्र के युनानी मेडिकल कॉलेज के सभी प्रोफेसरों को सम्मानित किया गया। डॉ. जाकिर खाना (इकरा यूनानी मेडिकल कॉलेज, जलगांव), डॉ. मुहम्मद साजिद, डॉ. अब्दुल वहीद नदवी (मुहम्मदिया तय्यबा कॉलेज, मालेगांव), डॉ. सिद्दीक कुरेशी, डॉ. मुहम्मद मुजस्सम (अल-अमीन यूनानी मेडिकल कॉलेज मालेगांव), डॉ. शेख मुजफ्फर (अहमद गरीब युनानी मेडिकल कॉलेज, अक्कल कुंवा), प्रो. ज़ैद अहमद कासमी (जेड वी एम यूनानी मेडिकल कॉलेज, पुणे) को उनकी शिक्षण सेवाओं के सम्मान में, फूलों का गुलदस्ता, शॉल, हकीम मुहम्मद मुख्तार इस्लाही मेमोरियल ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, मोमेंटो से देकर स्वागत किया गया। डॉ. जुबैर शेख (महासचिव इम्पा महाराष्ट्र) ने डिग्री नवीनीकरण के संबंध में सीएमई प्वाइंट पर बात की।



दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, रविवार 15 सितंबर 2024




**अनमोल विचार** — भय अधूरा ज्ञान है : डेम अगाथा मैरी क्लेरिसा क्रिस्टी

# प्रो. दयानंद तिवारी मध्य रेलवे के मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



मुंबई के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्, साहित्यकार व भाजपा के मुंबई प्रदेश के प्रवक्ता प्रो. डॉ. दयानंद तिवारी को रेल मंत्रालय ने मध्य रेलवे के डी आर यू सी सी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से प्रभावी है। प्रो दयानंद तिवारी मूलतः उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के अंबेडकर नगर जिले के जहांगीरगंज क्षेत्र के राजे सुल्तान पुर थान्हा के अन्तर्गत कमालपुर मुबारकपुर पिकार के मूल निवासी हैं। उनका कहना है कि हमें जो कुछ भी मिला है वह हमारे कुल देवता सुर्युबाबा और ब्रह्मचारी बाबा की कृपा है। उन्होंने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता जताते हुए कहा है कि मेरी कोशिश होगी कि मैं मध्य रेलवे में रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य होने के नाते रेलवे के विभिन्न कार्यों गतिविधियों यात्री सुविधाओ को मजबूत बनाने के लिए समय-समय पर अपने सुझाव रेलवे को देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की गुणवत्तापूर्ण सप्लाई आदि सुनिश्चित करने के लिए विभाग से मिलकर सहयोग करता रहूंगा। इससे मध्य रेलवे को एक नया आदर्श स्थान प्राप्त हो सके। ज्ञातव्य है कि प्रो. तिवारी वर्तमान में महाराष्ट्र राज्य में मानवाधिकार परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष होने के साथ साथ महाराष्ट्र राज्य पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति के सदस्य हैं। आपको महाराष्ट्र राज्य शिक्षक पुरस्कार और महाराष्ट्र राज्य साहित्य अकादमी का पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है। प्रो. तिवारी 5 विषयों में मास्टर्स के साथ पीएचडी और डीलिट कर चुके हैं। महाराष्ट्र के पाठ्यक्रम में 12वीं कक्षा में उनकी लिखी एकांकी बहुत चर्चित है।

# महाराष्ट्र में फिर से एनडीए सरकार लाने का आह्वान

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से महाराष्ट्र में फिर से एनडीए की सरकार लाने का आह्वान किया है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा को बड़े भाई के रूप में सहयोगी दलों को संभालने की भी सलाह दी।

### लालबाग जाकर भगवान गणेश का दर्शन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को मुंबई के लालबाग जाकर भगवान गणेश का दर्शन किया। नड्डा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के साथ बांद्रा स्थित सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल भी गए और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की।



### विधानसभा चुनाव की समीक्षा

नड्डा ने फडणवीस के सरकारी आवास पर राज्य के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की समीक्षा भी की। उन्होंने प्रदेश के भाजपा नेताओं से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की राकांपा के साथ मिलकर लड़ना है। साथ ही अगर इनमें कोई कहीं कमजोर पड़ रहा है तो प्रदेश नेताओं को उनकी मदद करनी चाहिए, जिससे चुनाव में एनडीए के अधिक से अधिक प्रत्याशी जीत सकें। इस बैठक में उप मुख्यमंत्री फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, रावसाहेब दानवे, भाजपा के महाराष्ट्र प्रभारी भूपेन्द्र यादव, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पंकजा मुंडे समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे।

# चर्नी रोड स्टेशन पर गणपति विसर्जन के लिए विशेष व्यवस्था

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा 17 और 18 सितंबर को गणपति विसर्जन के लिए गिरगांव चौपाटी पहुंचने वाले भक्तों के लिए चर्नी रोड स्टेशन पर भारी भीड़ का प्रबंधन करने और यात्री सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं। इस दौरान मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। आने-जाने वाले यात्रियों के लिए अलग-अलग रास्तों से बिना किसी बाधा के चलने और अधिक सुविधाजनक आवागमन के लिए विशिष्ट वन-वे मार्ग बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा, बाल भवन में मुख्य प्रवेश द्वार के अलावा एक और प्रवेश द्वार खोला जाएगा, ताकि गिरगांव चौपाटी से आने वाले यात्री आसानी से लोकल ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 तक पहुंच सकें।

### चर्चगेट और विरार के बीच 8 अतिरिक्त सेवाएं



पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम रेलवे 17 और 18 सितंबर 2024 की मध्य रात्रि को चर्चगेट और विरार के बीच 8 अतिरिक्त सेवाएं चलाएगी। इन अतिरिक्त 8 सेवाओं की डाउन स्लो ट्रेन सेवाओं को चर्नी रोड स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। 17 सितंबर 2024 को 38 फास्ट अप लोकल ट्रेन सेवाएं 17.00 बजे से 20.30 बजे तक चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशन के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेंगी। प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 और 3 पर आने और जाने वाले यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगभग 88 अप स्लो लोकल ट्रेन सेवाओं को 17 सितंबर, 2024 को 17.00 बजे से 22.00 बजे तक चर्नी रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर ठहराव नहीं दिया जाएगा। नियमित टिकट काउंटरों के अलावा, स्टेशन पर और बाल भवन के रास्ते पर अतिरिक्त एटीवीएम मशीनों और सुविधाकर्ताओं की व्यवस्था रहेगी।

### 400 आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों की तैनाती

सुरक्षा की दृष्टि से चर्नी रोड स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगभग 400 आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों को तैनात किया जाएगा। किसी भी असुविधा या समस्या के मामले में यात्रियों की सहायता के लिए आरपीएफ और जीआरपी की सहायता डेस्क भी स्थापित की जाएगी। पश्चिम रेलवे आरपीएफ बैरिकेडिंग और कतार प्रबंधकों के लिए पर्याप्त व्यवस्था करेगी, साथ ही मेगाफोन के माध्यम से नियमित घोषणाएं भी करेगी। स्टेशन पर एक फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था की जाएगी। अधिकतम पुलिस बल की तैनाती के लिए पश्चिम रेलवे आरपीएफ राज्य पुलिस और जीआरपी के साथ समन्वय कर रही है। 17 और 18 सितंबर, 2024 की मध्य रात्रि को चर्नी रोड स्टेशन पर चौबीसों घंटे अतिरिक्त रेलवे अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे, जबकि स्टेशन और कंट्रोल रूम दोनों पर कंट्रोल एंड कमांड सेंटर कार्यरत रहेगा।

### भाजपा नेतृत्व जल्द करेगा फैसला : देवेंद्र फडणवीस

# गणेश उत्सव के बाद होगी खडसे की वापसी!

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को नागपुर में कहा कि एनसीपी (एसपी) नेता एकनाथ खडसे को भाजपा में फिर से शामिल करने का फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व गणेशोत्सव के बाद लेगा। नागपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए खडसे की भारतीय जनता पार्टी में संभावित वापसी पर एक सवाल का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा, ₹भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व जो भी फैसला लेगा, उसे स्वीकार किया जाएगा। हम पार्टी नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे और चल रहे गणेश उत्सव के बाद फैसला किया जाएगा।

### क्या कहा था खडसे ने ?



भाजपा के पूर्व नेता खडसे के भाजपा में लौटने की अटकलें तब तेज हो गईं, जब भाजपा ने उनकी बहू रक्षा खडसे को फिर से लोकसभा उम्मीदवार बनाया और उनके जीतने के बाद उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री बनाया। इस साल की शुरुआत में खडसे द्वारा इच्छा व्यक्त करने के बावजूद भाजपा की ओर से उनके फिर से शामिल होने की कोई घोषणा नहीं की गई है। इस सप्ताह की शुरुआत में खडसे ने कहा, ₹मैं भाजपा में लौटने का इच्छुक नहीं था लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस पर जोर दिया। जब मैं भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मिला, तो उन्होंने मुझे दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया और घोषणा की कि मैं भाजपा का हिस्सा बन गया हूं।₹ खडसे अक्टूबर 2020 में भाजपा छोड़ने के बाद अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में शामिल हो गए। उन्होंने तब फडणवीस पर उनके राजनीतिक करियर को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

### सूरजमुखी और सोयाबीन तेलों पर सीमा शुल्क बढ़ाने पर क्या कहा ?

उन्होंने यह भी कहा कि कच्चे और परिष्कृत सूरजमुखी और सोयाबीन तेलों पर सीमा शुल्क बढ़ाने के केंद्र के फैसले से किसानों को काफी फायदा होगा। पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कच्चे और परिष्कृत सूरजमुखी और सोयाबीन तेलों पर मूल सीमा शुल्क में बढ़ोतरी का स्वागत किया। सरकार ने शुक्रवार को कच्चे पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी के बीज के तेल पर मूल सीमा शुल्क शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया और रिफाइंड पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल पर मूल सीमा शुल्क 12.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 32.5 प्रतिशत कर दिया। साथ ही प्याज के निर्यात पर शुल्क भी 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया, जो 4 मई से लागू था।

# 'मणिपुर पर मुंह में दही जमा है...'





- उद्धव की शिवसेना ने मोदी सरकार को घेरा
- रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर साधा निशाना

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले सियासत तेज हो गई है। विपक्षी गुट एमवीए लगातार सरकार पर हमलावर है। अब शिवसेना (उद्धव गुट) ने एनडीए की केंद्र सरकार पर हमला बोला है। दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र 'सामना' के जरिए मणिपुर हिंसा पर पीएम मोदी और भाजपा पर निशाना साधा है। सामना के जरिए शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि मोदी सरकार रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए कबूतर उड़ा रही है, लेकिन मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। इसमें यह भी कहा गया कि मणिपुर हिंसा पर मोदी सरकार के मुंह में दही जम गया है। सामना में कहा गया कि पिछले डेढ़ साल से मणिपुर हिंसा की चपेट में है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार कुछ नहीं कर रहीं। लेख में कहा गया कि इस हिंसा में 200 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं और केंद्र ने जनता को बीरेन सिंह और मणिपुर से असम भाग चुके राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के हवाले कर दिया।

# भारी बारिश के बाद अब मौसम में बदलाव

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश के बाद अब मौसम में बदलाव देखा जा रहा है, जिससे कृषि कार्यों में तेजी आई है। हालांकि, देश के विभिन्न राज्यों की तरह महाराष्ट्र में भी बारिश का सिलसिला पूरी तरह थमा नहीं है। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है, जबकि अन्य क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

### इन जिलों में है बारिश की संभावना

मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पालघर, ठाणे, मुंबई, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, नासिक, अहमदनगर, कोल्हापुर और सतारा में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, धुले, नंदुरबार, जलगांव और पुणे जिले के कुछ हिस्सों में भी बारिश का अनुमान है। हालांकि, राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहने की उम्मीद है, जिससे किसानों को राहत मिल रही है। बारिश कम होने से कृषि कार्यों में तेजी आई है, खासकर छिड़काव और निराई-गुड़ाई जैसे कार्य अब तेजी से हो रहे हैं।

### कैसा रहेगा राजधानी मुंबई का मौसम ?

राजधानी मुंबई की बात करें तो अगले 24 घंटों के लिए मौसम विभाग ने स्थानीय पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार, मुंबई शहर और उपनगरों में हल्की बारिश की संभावना है। हालांकि, आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। मुंबई का अधिकतम तापमान 32C और न्यूनतम तापमान 26C के आसपास रहने की उम्मीद है, जिससे शहर का मौसम सामान्य रहेगा। पिछले सप्ताह राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण खेतों में काम ठप हो गया था। कई किसान खेतों में पानी भरने और खराब मौसम के चलते कृषि कार्य नहीं कर पा रहे थे। लेकिन अब जब बारिश की तीव्रता में कमी आई है, तो किसान अपने खेतों में फिर से काम शुरू कर चुके हैं। विशेष रूप से खरीफ की फसलों के लिए यह समय महत्वपूर्ण है, क्योंकि निराई-गुड़ाई और छिड़काव जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

# शिंदे सरकार ने बदली ईद-ए-मिलाद की छुट्टी की तारीख

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने ईद-ए-मिलाद की छुट्टी को 16 सितंबर से बदलकर 18 सितंबर कर दिया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुस्लिम समुदाय ने 16 की जगह 18 सितंबर को ईद का जुलूस निकालने का फैसला किया है। बता दें कि 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी है। मुंबई सहित राज्य के अलग-अलग जिलों में गणेश विसर्जन को लेकर शहर में जबरदस्त भीड़ होगी। सरकार ने कानून-व्यवस्था को ध्यान रखते हुए यह फैसला लिया है। अधिकारियों ने



जानकारी दी कि स्थानीय कलेक्टर अलग-अलग जिलों में ईद की छुट्टी वहां की स्थिति के अनुरूप रीशेड्यूल कर सकते हैं। बता दें कि रविवार को कांग्रेस नेता नसीम खान ने सीएम एकनाथ शिंदे से गुजारिश की थी कि 16 सितंबर के बजाय 18 सितंबर को ईद-ए-मिलाद की छुट्टी कर दी जाए।

# महात्मा बुद्ध के रास्ते पर चलकर भारत बन सकता है विश्वगुरुः रिजिजू

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**




मुंबई में अल्पसंख्यक मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में ''बुद्ध का मध्य मार्गः वैश्विक नेतृत्व के लिए मार्गदर्शिका'' विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी भाग लिया। जिसमें भिक्षुओं, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा, दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मिलिंद कांबले भी शामिल हुए। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि बौद्ध धर्मावलम्बियों की अच्छी खासी आबादी वाला महाराष्ट्र महात्मा बुद्ध के मूल्यों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बौद्ध धर्मावलम्बियों की अच्छी खासी आबादी वाला महाराष्ट्र महात्मा बुद्ध के मूल्यों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

# बिल्डिंग में लगी आग

## 13 लोग झुलसे, अस्पताल में भर्ती

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

घाटकोपर इलाका स्थित शांति सागर बिल्डिंग में बीती रात लगी आग में 13 लोग झुलस गए। सभी को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने शनिवार सुबह तक आग पर काबू पा लिया। मुंबई नगर निगम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मुंबई के घाटकोपर इलाके के पंतनगर इलाके की रमाबाई कॉलोनी में शांति सागर बिल्डिंग के बिजली मीटर केबिन में बीती रात करीब 1.30 बजे आग लग गई। देखते ही देखते यह आग पूरे बिल्डंग में फैल गई। जिससे पूरी बिल्डिंग में धुआं फैल गया और बिल्डिंग में भगदड़ मच गई। फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और अलग-अलग मंजिलों पर फंसे 80 से 90 लोगों को सुरक्षित बचाया लेकिन 13 लोग मामूली रूप से झुलस गए।धुएं की वजह से इन लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी इसलिए इन सभी को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनमें 8 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं। घाटकोपर पुलिस स्टेशन की टीम आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

# लालबाग के राजा के दर्शन करने आई महिला को भीड़ में आया मिर्गी का दौरा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



गणेश चतुर्थी के अवसर पर लालबाग के राजा के दर्शन करने रोजाना हजारों लोग पहुंचते है। जिसके कारण कई लोगों की तबियत भी बिगड़ जाती है। ऐसी ही एक घटना सामने आई है। एक महिला दर्शन करने के लिए आई हुई थी, भीड़ में अचानक उसे मिर्गी का दौरा आ गया, मौके को देखते हुए तुरंत पुलिस कर्मी ने उसे गोद में उठाया और पुलिस की गाड़ी में बिठाकर हॉस्पिटल पहुंचाया। पिछले कई दिनों से लालबाग के वीडियो वायरल हो रहे है, जिसमें सेलेब्रिटी को अलग सम्मान दिया जाता है, लेकिन वही आम भक्तों को मूर्ति के पैरों को छूने भी नहीं दिया जाता। इस घटना में पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए महिला को हॉस्पिटल पहुंचाया। जिसके कारण पुलिस की काफी तारीफ हो रही है।

# राहुल का बयान संविधान के विरुद्ध : अठावले

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई। केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री रामदास अठावले ने शनिवार को कहा कि आरक्षण समाप्त करने के बारे में राहुल गांधी का बयान निंदनीय है। उनकी पार्टी महाराष्ट्र तथा अन्य जगहों पर कांग्रेस नेता के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन तेज करेगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि दलित समाज विदेशी धरती पर देश के खिलाफ बोलने के लिए राहुल गांधी को सबक सिखाएगा। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता से माफी मांगने की मांग भी की।



### आरक्षण को लेकर निशाना साधा

भाजपा और उसके सहयोगियों ने अमेरिका में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान गांधी की इस टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा है कि कांग्रेस आरक्षण समाप्त करने के बारे में तब सोचेगी जब 'भारत एक निष्पक्ष जगह होगी, जबकि उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऐसा नहीं है। यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, प्रमुख दलित नेता अठावले ने कहा कि यह बयान 'संविधान के विरुद्ध है और कांग्रेस के 'आरक्षण विरोधी रुख को दर्शाता है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) प्रमुख ने कहा कि कोई भी दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को दिए गए आरक्षण को समाप्त नहीं कर सकता।


गेस्ट संपादकीय

# आप सुप्रीमो को जमानत

कई महीने जेल में गुजारने के बाद आखिरकार आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल ही गई। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज कुछ हफ्ते पहले हुई इस रिहाई की राजनीतिक चश्मे से अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। भले ही फैसले से आप ने राहत की सांस ली हो, लेकिन जमानत के विरोध को लेकर सीबीआई की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठे हैं। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को शराब घोटाले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में यह जमानत दी है। हालांकि, अब केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने केजरीवाल की रिहाई के आदेश देकर संवैधानिक और कानूनी रूप से सही कदम उठाया है। सार्वजनिक विमर्श में भी यह बात उठती रही है कि एक मुख्यमंत्री व एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेता को सामान्य अपराधी की तरह ज्यादा समय तक जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। अदालत ने कुछ समय पहले इस मुद्दे को लेकर अपनी राय प्रकट की थी। वहीं दूसरी ओर अदालत ने इस आशंका को भी खारिज किया कि रिहाई के बाद मुख्यमंत्री सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद केजरीवाल न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में हैं। वहीं सवाल सीबीआई की कार्यशैली व विश्वसनीयता को लेकर भी उठे हैं। वैसे भी यदि सीबीआई के पास पुख्ता सबूत थे तो उसे जमानत को लेकर सवाल नहीं उठाने चाहिए थे। जिसके चलते विपक्ष को सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में कार्रवाई करने के आरोप लगाने का मौका मिला। बहरहाल, केजरीवाल की रिहाई के बाद दिल्ली कांग्रेस प्रमुख की तीखी प्रतिक्रिया से कयास लगाये जा सकते हैं कि इस फैसले का असर हरियाणा चुनाव पर पड़ सकता है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि राज्य की जनता में सत्ता विरोधी आक्रोश का जो पूरा लाभ अब तक कांग्रेस को मिलने के आसार थे, उसमें केजरीवाल की सक्रियता से असर पड़ सकता है। एक तो हरियाणा केजरीवाल का गृह राज्य है और दूसरी ओर राज्य में स्टार प्रचारक के रूप में केजरीवाल की सक्रियता आप का जनाधार बढ़ा सकती है। इससे कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ेगा और वे पार्टी प्रत्याशियों को सफल बनाने की कवायद में भी जुट सकते हैं। जिससे भाजपा विरोधी वोटों का बंटवारा हो सकता है। जाहिरा तौर पर हरियाणा में कांग्रेस जिस बड़ी कामयाबी की उम्मीद लगाए बैठी थी, उसके ताजा घटनाक्रम से प्रभावित होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस के साथ सहमति न बनने के कारण आप राज्य की सभी सीटों पर ताल ठोक रही है। यह भी कि 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल को कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के दौरान जमानत दी थी। उन्हें 26 जून को फिर से सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से वे जेल में ही थे। जमानत पर पांच सितंबर को सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिर शुक्रवार को उन्हें जमानत मिली। निश्चित रूप से दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद केजरीवाल की रिहाई से आप के नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

शख्सियत | शरत चंद्र चट्टोपाध्याय

## लोकप्रिय उपन्यासकार और लघु कथाकार



शरत चंद्र चट्टोपाध्याय, जिन्हें वैकल्पिक रूप से शरत चंद्र चटर्जी कहा जाता है। वह एक लोकप्रिय बंगाली उपन्यासकार और लघु कथाकार थे। उनकी उल्लेखनीय कृतियों में देवदास, श्रीकांतो, चोरित्रोहिन, गृहदाहा आदि शामिल हैं। उनकी अधिकांश रचनाएं गांव के लोगों की जीवनशैली, त्रासदी और संघर्ष और बंगाल में प्रचलित समकालीन सामाजिक प्रथाओं से संबंधित हैं। वह अब तक के सबसे लोकप्रिय, अनुवादित, अनुकूलित और साहित्यिक चोरी वाले भारतीय लेखक बने हुए हैं।

शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म 15 सितंबर 1876 को हुगली जिले के देबानंदपुर में हुआ था। उनका बचपन अपने मामा के घर भागलपुर में बीता। वर्ष 1894 में, उन्होंने टीएन जुबली कॉलेजिएट स्कूल से प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की और एफए कक्षा में दाखिला लिया, लेकिन खराब वित्तीय स्थिति के कारण अपनी आगे की शिक्षा जारी रखने में असमर्थ रहे। शरत चंद्र चट्टोपाध्याय को एक ऐसा लेखक माना जाता है, जिन्होंने बंगाल के गांवों को सबसे अच्छे से समझा।
उन्होंने महिलाओं के बारे में बहुत अच्छा लिखा और पितृसत्तात्मक समाज में उनकी स्थिति के बारे में खुलकर और ईमानदारी से बात की। उन्होंने धर्म के नाम पर चल रहे सामाजिक भेदभाव, अन्याय और अंधविश्वासों के खिलाफ अपना विरोध जताया। उनके पहले उपन्यास 'बदादीदी' (1907) ने उन्हें पाठकों के बीच तुरंत लोकप्रिय बना दिया। 'बिंदुर छेले' (1913), 'परिणिता'(1914), 'बैकुंठेर विल' (1916), 'देवदास' (1917), 'श्रीकांत' (भाग I-IV, 1917-1933), 'चरित्रत्राहिं' (1917) उनके कुछ अन्य लोकप्रिय उपन्यास हैं। हालांकि, उनके उपन्यास 'पाथेर डाबी' (1926) को उसके क्रांतिकारी विषय के कारण ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया था। बच्चों के लिए उन्होंने कहानियों और उपन्यासों की एक श्रृंखला लिखी, जिसमें लोकप्रिय 'रामेर शुमाती' और 'लालू और उनके दोस्तों' के बारे में लघु कथाएं शामिल हैं।
शरत चंद्रकी कहानियों पर बड़ी संख्या में सफल फिल्में बनी हैं और अब भी बन रही हैं, जैसे 'देवदास', 'परिणिता', 'श्रीकांत' आदि। बंगाली साहित्य में उनके योगदान के लिए उन्हें कई पुरस्कार मिले। 'कुंतलिन पुरस्कार' (1903), 'जगत्तारिणी स्वर्ण पदक' (1923), 'बंगीय संगीत परिषद' की सदस्यता (1934) और वर्ष 1936 में ढाका विश्वविद्यालय द्वारा मानद डी. लिट की उपाधि। 16 जनवरी 1938 को कोलकाता में उनका निधन हो गया।

# जिद बड़ी या जिंदगी !




डॉक्टरों का न्याय अलग किस्म का है, ताकि डॉक्टर बिटिया की आत्मा को सुख, शांति मिल सके। डॉक्टर मुख्यमंत्री से संवाद करने सचिवालय गए थे। उनकी संख्या 32 बताई गई है, जबकि सरकार ने 15 डॉक्टरों को ही, प्रतिनिधि के तौर पर, आमंत्रित किया था। बहरहाल बंगाल सरकार ने उस संख्या को भी अनुमति दे दी। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार डॉक्टरों को समझाते रहे कि विरोध-प्रदर्शन का यह सिलसिला टूटना क्यों जरुरी है?

कोलकाता में डॉक्टर अब भी काम पर नहीं लौटे हैं। बंगाल सरकार ने संवाद और समझौते का जो प्रयास किया था, वह आंदोलनकारी डॉक्टरों की जिद ने नाकाम कर दिया। एक नाटकीय घटनाक्रम जरूर सामने आया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने, हाथ जोड़ कर, बंगाल की जनता से माफी मांगी है। यदि जनता चाहेगी, तो वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा तक देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा है कि वह 'कुर्सी की भूखी' नहीं हैं, बल्कि न्याय की पक्षधर हैं। हालांकि रेप-मर्डर की शिकार डॉक्टर बिटिया के माता-पिता और आंदोलनकारी डॉक्टरों ने कभी भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग नहीं की। इसे विपक्षियों ने मुद्दा बनाकर राजनीति करने की कोशिशें की हैं। डॉक्टरों का न्याय अलग किस्म का है, ताकि डॉक्टर बिटिया की आत्मा को सुख, शांति मिल सके। डॉक्टर मुख्यमंत्री से संवाद करने सचिवालय गए थे। उनकी संख्या 32 बताई गई है, जबकि सरकार ने 15 डॉक्टरों को ही, प्रतिनिधि के तौर पर, आमंत्रित किया था। बहरहाल बंगाल सरकार ने उस संख्या को भी अनुमति दे दी। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार डॉक्टरों को समझाते रहे कि विरोध-प्रदर्शन का यह सिलसिला टूटना क्यों जरूरी है? बातचीत का सीधा प्रसारण संभव नहीं है। अलबत्ता संवाद की रिकॉर्डिंग जरूर कराई जाएगी, लेकिन आक्रोशित डॉक्टर लगातार यह सवाल करते रहे कि सीधे प्रसारण से सरकार डरती क्यों है? डॉक्टर 'नबन्ना' सचिवालय के गलियारे तक तो पहुंच गए, लेकिन उस कक्ष के भीतर नहीं गए, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2.10 घंटे से आंदोलनकारी डॉक्टरों की प्रतीक्षा कर रही थीं। नतीजतन संवाद का जो सेतु बनाया गया था, वह ढह गया। डॉक्टर लौट गए और धरना-स्थल पर जाकर बैठ गए। मुख्यमंत्री ने इस्तीफे तक की पेशकश की और बंगाल की जनता से माफी मांगी कि वह डॉक्टरों को ड्यूटी पर वापस लाने में नाकाम रहीं। यह ममता बनर्जी की 'भावुक राजनीति' भी हो सकती है, ताकि अधिकतर लोग उनसे नाराज न हों और समर्थन समाप्त करने पर आमादा न हो जाएं! बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में विपक्षी दल आक्रामक होकर विरोध-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांग रहे हैं। डॉक्टर तो आंदोलित हैं ही, लेकिन उनके समर्थन में विभिन्न सामाजिक आंदोलन भी छिड़ गए हैं, लिहाजा राज्य में अराजकता की स्थिति है। सडक़ों पर भीड़ है, तो पुलिसकर्मी भी हैं।
अदालतों में अलग केस चल रहे हैं। ममता की यह राजनीति आजमाई हुई है। बहरहाल डॉक्टरों का आंदोलन अब एक जिद का रूप धारण कर चुका है। सर्वोच्च अदालत ने उन्हें काम पर लौटने का समय दिया था, वह गुजर चुका है। शीर्ष अदालत डॉक्टरों के सरोकारों की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन आंदोलनकारियों को भरोसा ही नहीं है। यह जिद ही नहीं, अवमानना भी है। डॉक्टर जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने लगे हैं, क्योंकि आरजी कर अस्पताल में इलाज न मिलने से अभी तक 27 लोगों की अकाल मौत हो चुकी है और 7 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। यकीनन डॉक्टर बिटिया के प्रसंग पर पूरा देश गुस्से में रहा है, क्षुब्ध रहा है, असंख्य विरोध-प्रदर्शन भी किए गए हैं। डॉक्टरों के साथ सहानुभूति है, संवेदना है, क्योंकि बिटिया चिकित्सकों की सुरक्षा वाकई चिंतित सरोकार है, लेकिन काम छोड़ कर आंदोलन ही जारी रखना या जुलूस निकालना अथवा डॉक्टर होकर धरने पर खाली बैठे रहना, दरअसल अपनी पेशेवर प्रतिबद्धता से मुंह मोडऩा है। डॉक्टर लोगों की बीमारियों के इलाज करते हुए भी विरोध जता सकते हैं। विरोध जताने के कई प्रतीक होते हैं। डॉक्टर बाजू पर काली पट्टी बांध कर भी, काम करते हुए, अपना विरोध जता सकते हैं। हालांकि सर्वोच्च अदालत आंदोलनकारी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुमति सरकार को दे चुकी है, लेकिन बंगाल सरकार अब भी विनम्र है, क्योंकि सरकार को कई तरह के विरोध बर्दाश्त भी करने पड़ते हैं। आंदोलन के 33 दिन बीत चुके हैं। सीबीआई ने कुछ महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां भी की हैं। जांच के निष्कर्षों तक भी पहुंच रही है। ऐसे इंसाफ चुटकी बजा कर नहीं दिए जा सकते। कानून और अदालत की अपनी प्रक्रिया है।

सहज योग

# सहजयोग परम तत्व का तरीका



पहला चक्र मूलाधार, दूसरा स्वादिष्ठान, तीसरा नाभि चक्र, चौथा चक्र अनाहद, पांचवा चक्र विशुद्धि और छठवां चक्र आज्ञा और सातवा मुख्य चक्र है सहस्त्रार है।

वास्तविक जो चीज स्थित है, जो है ही उसका अविष्कार कैसे होता है? जैसे कि कोलम्बस हिन्दुस्तान खोजने के लिए चल पड़ा था तब क्या हिन्दुस्तान नहीं था? यदि नहीं होता, तो खोज किस चीज की कर रहा था। सहजयोग तो है ही पहले ही से है। इसका पता सिर्फ अभी लगा है। सहजयोग, ये परम तत्व का अपना तरीका है। यह एक ही मार्ग है, मानव जाति को उत्क्रान्ति (Evolution) के उस आयाम में उस (Dimension) में पहुंचाने का एक तरीका है, एक व्यवस्था है, जिससे मानव उच्च चेतना से परिचित हो जाए। उस चेतना से आत्मसात हो जाए जिसके सहारे ये सारा संसार, सारी सृष्टि और मानव का हृदय भी चल रहा है। बहुत कुछ इसके बारे में लिखा गया है, पुरातन कालों से ही खोज होती रही, मनुष्य खोज कुछ रहा ही है हर समय, चाहे वो पैसे में खोज ले, चाहे वो सत्ता में खोज ले चाहे वो प्रेम में खोज ले, वो किसी न किसी खोज की ओर दौड़ रहा है। लेकिन उस खोज के पीछे में कौन सी प्यास है वो शायद वो जानता नहीं। इसके पीछे में सिर्फ आनंद की खोज है, आनंद की खोज में वो सोचता है कि बहुत सी गर सम्पत्ति इकट्ठा कर ले, तो उस आनंद में लय हो सकता है। लेकिन ऐसे भी देश अनेक हैं, जिन्होंने सम्पत्ति में बहुत कुछ प्रगति कर ली, बहुत कुछ पा लिया है और अत्यन्त दुखी हैं। आनंद तो दूर रहा, हजारों लोग वहां आत्महत्याएं कर रहे हैं। सारी खोज के पीछे में आनंद की प्यास आपको घसीटे चली जा रही है किसी अज्ञात की ओर, सारी ही खोजों में ढूंढते ढूंढते जब मनुष्य हार जाता है, और कहीं मिलता नहीं, तो पर इसका बोझा बढ़ता जाएगा। अगर मैं कहू कि कोई बोझा न रखो, तो उसका भी बोझा बनता जाएगा। इसी तरह की व्यवस्था परमात्मा ने हमारे अंदर कर दी है कि मन से हम जो भी करेंगे वह बोझिल हो जाएगा और उस बोझे के नीचे हम दबे हुए उड़ नहीं सकते वहां पर वहां पर हमें जाना है। इसीलिए खोज आज तक अधूरी ही रही है। लेकिन नव निर्माण की बात मैं आप से करने वाली हूं सिर्फ बात ही नहीं इसका अविष्कार, जो खोज निकाला है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा | डेम अगाथा मैरी क्लेरिसा क्रिस्टी: जन्म 15 सितंबर 1890 | जन्म

अगाथा क्रिस्टी का पूरा नाम डेम अगाथा मैरी क्लेरिसा क्रिस्टी है। उनका जन्म 15 सितंबर 1890 में हुआ था। वे एक अंग्रेजी लेखिका थीं, जिन्हें उनके 66 जासूसी उपन्यासों और 14 लघु कहानी संग्रहों के लिए जाना जाता था। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने क्रिस्टी को अब तक के सबसे अधिक बिकने वाले कथा लेखक के रूप में सूचीबद्ध किया है। उनके उपन्यासों की दो अरब से अधिक प्रतियां बिक चुकी हैं। वर्ष 1955 में, क्रिस्टी अमेरिका के ग्रैंड मास्टर अवार्ड के मिस्ट्री राइटर्स के पहले प्राप्तकर्ता थीं। उन्होंने अपनी आखरी सांस 12 जनवरी 1976 में लिया था।

# भय अधूरा ज्ञान है



समय सबसे अच्छा हत्यारा है। अच्छी सलाह को हमेशा नज़रअंदाज़ किया जाना निश्चित है, लेकिन इसे न देने का कोई कारण नहीं है। भय अधूरा ज्ञान है। किताबें आदत बनाने वाली दवा हैं। साहस अप्रत्याशित का सामना करने का संकल्प है। सब कुछ ध्यान में रखा जाना चाहिए। यदि तथ्य सिद्धांत में फिट नहीं होगा तो सिद्धांत को जाने दो। जीवन में आपके साथ होने वाली सबसे भाग्यशाली चीजों में से एक है, एक खुशहाल बचपन होना। हम में से बहुत कम ऐसे हैं जैसे हम दिखते हैं। मुझे जीना पसंद है। मैं कभी-कभी बेतहाशा, निराशा से, तीव्र रूप से दुखी, दुःख से भरा हुई रही हूं, लेकिन इसके माध्यम से मैं अभी भी निश्चित रूप से जानती हूं कि जिंदा रहना एक बड़ी बात है। सभी ने कहा, अपने दिल का पालन करें। मैंने किया और यह टूट गया। वृत्ति एक अद्भुत चीज है; इसे न तो समझाया जा सकता है और न ही अनदेखा किया जा सकता है। यदि आप अपना सिर शेर के मुंह में रखते हैं, तो यदि एक दिन वह उसे काट ले, तो आप शिकायत नहीं कर सकते। युवा लोग सोचते हैं कि बूढ़े लोग मूर्ख हैं-लेकिन बूढ़े लोग जानते हैं कि युवा मूर्ख हैं। हमारा हथियार हमारा ज्ञान है। लेकिन याद रखें, यह एक ऐसा ज्ञान हो सकता है जिसे हम नहीं जानते कि हमारे पास है। व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को तब तक नहीं पहचान पाता जब तक बहुत देर हो चुकी होती है। धारणा खतरनाक चीजें हैं। जीवन की त्रासदी यह है कि लोग बदलते नहीं हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# धातु के बर्तन में भोजन करने से क्या होती है लाभ-हानि?

**सोना :** सोना एक गर्म धातु है सोने से बने पात्र में भोजन बनाने और करने से शरीर के आन्तरिक और बाहरी दोनों हिस्से कठोर, बलवान, ताकतवर और मजबूत बनते है और साथ साथ सोना आँखों की रौशनी बढ़ता है।

**चांदी :** चाँदी एक ठंडी धातु है, जो शरीर को आंतरिक ठंडक पहुंचाती है। शरीर को शांत रखती है। इसके पात्र में भोजन बनाने और करने से दिमाग तेज होता है, आँखों स्वस्थ रहती है, आँखों की रौशनी बढती है और इसके अलावा पित्तदोष, कफ और वायुदोष को नियंत्रित रहता है।

**कांसा:** काँसे के बर्तन में खाना खाने से बुद्धि तेज होती है, रक्त में शुद्धता आती है, रक्तपित शांत रहता है और भूख बढ़ाती है। लेकिन काँसे के बर्तन में खट्टी चीजे नहीं परोसनी चाहिए खट्टी चीजे इस धातु से क्रिया करके विषैली हो जाती है जो नुकसान देती है। कांसे के बर्तन में खाना बनाने से केवल 3 प्रतिशत ही पोषक तत्व नष्ट होते हैं।

**तांबा :** तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से व्यक्ति रोग मुक्त बनता है, रक्त शुद्ध होता है, स्मरण-शक्ति अच्छी होती है, लीवर संबंधी समस्या दूर होती है, तांबे का पानी शरीर के विषैले तत्वों को खत्म कर देता है इसलिए



इस पात्र में रखा पानी स्वास्थ्य के लिए उत्तम होता है. तांबे के बर्तन में दूध नहीं पीना चाहिए इससे शरीर को नुकसान होता है।

**पीतल :** पीतल के बर्तन में भोजन पकाने और करने से कृमि रोग, कफ और वायुदोष की बीमारी नहीं होती। पीतल के बर्तन में खाना बनाने से केवल 7 प्रतिशत पोषक तत्व नष्ट होते हैं।

**लोहा :** लोहे के बर्तन में बने भोजन खाने से शरीर की शक्ति बढती है, लोह्तत्व शरीर में जरूरी पोषक तत्वों को बढ़ता है। लोहा कई रोग को खत्म करता है, पांडू रोग मिटाता है, शरीर में सूजन और पीलापन नहीं आने देता, कामला रोग को खत्म करता है, और पीलिया रोग को दूर रखता है. लेकिन लोहे के बर्तन में खाना नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसमें खाना खाने से बुद्धि कम होती है और दिमाग का नाश होता है। लोहे के पात्र में दूध पीना अच्छा होता है।

**स्टील :** स्टील के बर्तन नुक्सान दायक नहीं होते क्योंकि ये ना ही गर्म से क्रिया करते है और ना ही अम्ल से. इसलिए नुक्सान नहीं होता है. इसमें खाना बनाने और खाने से शरीर को कोई फायदा नहीं पहुँचता तो नुक्सान भी नहीं पहुँचता।

**एलुमिनियम :** एल्युमिनिय बोक्साइट का बना होता है। इसमें बने खाने से शरीर को सिर्फ नुक्सान होता है। यह आयरन और कैल्शियम को सोखता है इसलिए इससे बने पात्र का उपयोग नहीं करना चाहिए। इससे हड्डियां कमजोर होती है। मानसिक बीमारियाँ होती है, लीवर और नर्वस सिस्टम को क्षति पहुंचती है। उसके साथ साथ किडनी फेल होना, टी बी, अस्थमा, दमा, बात रोग, शुगर जैसी गंभीर बीमारियाँ होती है। एलुमिनियम के प्रेशर कूकर से खाना बनाने से 87 प्रतिशत पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं।

**मिट्टी :** मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाने से ऐसे पोषक तत्व मिलते हैं, जो हर बीमारी को शरीर से दूर रखते थे। इस बात को अब आधुनिक विज्ञान भी साबित कर चुका है कि मिट्टी के बर्तनों में खाना बनाने से शरीर के कई तरह के रोग ठीक होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, अगर भोजन को पौष्टिक और स्वादिष्ट बनाना है तो उसे धीरे-धीरे ही पकना चाहिए। भले ही मिट्टी के बर्तनों में खाना बनने में वक्त थोड़ा ज्यादा लगता है, लेकिन इससे सेहत को पूरा लाभ मिलता है। दूध और दूध से बने उत्पादों के लिए सबसे उपयुक्त है मिट्टी के बर्तन। मिट्टी के बर्तन में खाना बनाने से पूरे 100 प्रतिशत पोषक तत्व मिलते हैं। और यदि मिट्टी के बर्तन में खाना खाया जाए तो उसका अलग से स्वाद भी आता है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## मां की अमृतमय गोद

रामकृष्ण परमहंस से एक बार एक धनवान व्यक्ति ने पूछा, 'मैंने सुना है मां काली आपके यहां आती है? सच सुना है आपने? अब की बार आए तो मुझसे मिलने भेज दीजिए । धनवान व्यक्ति ने कहा। परमहंस बोले, 'जरूर भेज दूंगा भाई, अपना पता तो बतला दो ।' धनवान व्यक्ति ने उत्साहित होकर कहा, '36 चौरंगी लेन....' परमहंस ने टोकते हुए कहा, 'ओ भाई मैं तुम्हारे घर या कार्यालय का नहीं तुम्हारा स्वयं का पता पूछ रहा हूं। तुम कौन हो? कहां से आए हो? जब तक तुम स्वयं के बारे में नहीं बताओगे तब तक 'मां' को मैं नहीं भेज पाऊंगा।' यह सुनकर धनवान व्यक्ति अवाक रह गया। वास्तव में वह स्वयं का पता नहीं जानता था। 'स्व' से साक्षात्कार करके ही व्यक्ति उस मां की अमृतमय गोद में बैठने का अधिकारी बनता है।


सेल्फ मैनेजमेंट

## अपने ऑनलाइन ग्राहकों को उत्साहित करें

वेब पर अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो सकता है, ख़ास तौर पर जब आप नाचते हुए बैनर विज्ञापन और हर दिन ग्राहकों को मिलने वाले ई-मेल्स से टक्कर ले रहे हों। यहां ढेर सारी जानकारी के बीच जगह बनाने और ऐसे भीड़ भरे स्थान पर अपने ग्राहकों का ध्यान खींचने के तीन सुझाव दिए गए हैं :

- तुरंत प्रतिक्रिया करने की स्थिति पैदा करें। एक कूपन भेजें, जिसका आधी रात तक इस्तेमाल किया जाना हो। या फिर पहले पचास ग्राहकों को कोई मुफ्त प्रॉडक्ट देने का प्रस्ताव रखें।
- अपने ग्राहकों को प्रेरित करें कि वे अपने मित्रों में प्रचार करें। मौखिक प्रचार बेहद शक्तिशाली और मूल्यवान होता है, ख़ास तौर पर इंटरनेट पर। ग्राहकों को ऐसी रोमांचक जानकारी दें,जिसे वे अपने मित्रों को बताना चाहें। इसे मज़ेदार बनाएं। संवाद चाहे जैसा हो, उसे
- सरल, ताज़गी भरा और रोचक बनाएं।

यह अखबार “माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. ” के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।




# उत्तरी सिक्किम में लें पहाड़ों का नजारा, मिलेगा शांति का सहारा

उत्तरी सिक्किम एक जादुई जगह है जहां प्रकृति अपनी असली खूबसूरती दिखाती है। भारत के उत्तर-पूर्व में स्थित यह क्षेत्र हरी-भरी घाटियों, बर्फ से ढके ऊंचे पहाड़ों और रंग-बिरंगे फूलों से भरा हुआ है। चाहे आपको शांत वातावरण पसंद हो या रोमांचकारी हो, उत्तरी सिक्किम में हर किसी के लिए कुछ न कुछ खास है। लाचुंग और लाचेन के आकर्षक गांवों से लेकर शानदार युमथांग घाटी और लुभावनी गुरुडोंगमार झील तक, हर जगह एक पोस्टकार्ड की तरह जीवंत लगती है। ताज़ी पहाड़ी हवा, शांत वातावरण और अद्भुत दृश्य उत्तरी सिक्किम को एक ऐसी जगह बनाते हैं जहां आपको ज़रूर जाना चाहिए।

अगर आपको प्रकृति से प्यार है और कुछ अलग अनुभव करना चाहते हैं, तो उत्तरी सिक्किम की यात्रा आपको अविस्मरणीय यादें देगी। उत्तरी सिक्किम भारत के पूर्वोत्तर भाग में एक छिपा हुआ रत्न है, जो लुभावने परिदृश्यों और शांतिपूर्ण परिवेश से भरा हुआ है। यदि आप इस खूबसूरत क्षेत्र की यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो यहां कुछ ऐसी जगहें हैं जहां आपको अवश्य जाना चाहिए:

### ◆ लाचुंग

लाचुंग पहाड़ों में बसा एक छोटा सा गांव है, जो प्रकृति से प्यार करने वालों के लिए एकदम सही है। यह अपने सेब के बागों, झरनों और बर्फ से ढकी चोटियों के लिए मशहूर है। आप लाचुंग मठ भी जा सकते हैं, जो एक शांत वातावरण और घाटी के शानदार नज़ारे पेश करता है। सर्दियों में, पूरा इलाका बर्फ से ढक जाता है, जिससे यह घूमने के लिए एक जादुई जगह बन जाती है।



### ◆ युमथांग घाटी

युमथांग घाटी को अक्सर 'फूलों की घाटी' कहा जाता है। यह अपने खूबसूरत घास के मैदानों, रंग-बिरंगे फूलों और गर्म झरनों के लिए जानी जाती है। घाटी ऊँचे पहाड़ों से घिरी हुई है, जो इसे फोटोग्राफी और प्रकृति की सैर के लिए एक बेहतरीन जगह बनाती है। अगर आप वसंत के दौरान यहाँ आते हैं, तो आप घाटी को रोडोडेंड्रोन और दूसरे जीवंत फूलों से खिले हुए देखेंगे।



### ◆ गुरुडोंगमार झील

यह झील दुनिया की सबसे ऊँची झीलों में से एक है, जो 17,000 फ़ीट से ज़्यादा की ऊँचाई पर स्थित है! बर्फ से ढके पहाड़ों से घिरा साफ नीला पानी गुरुडोंगमार झील को किसी सपने जैसा बना देता है। ऊंचाई के कारण झील तक की यात्रा चुनौतीपूर्ण है, लेकिन अविश्वसनीय दृश्य इसे प्रयास के लायक बनाते हैं। इसे बौद्ध और सिख दोनों ही पवित्र स्थल मानते हैं।



### ◆लाचेन

लाचेन उत्तरी सिक्किम का एक और छोटा सा गांव है। स्थानीय लोगों की सरल जीवन शैली का अनुभव करने के लिए यह एक बेहतरीन जगह है। लाचेन गुरुडोंगमार झील और चोपता घाटी की यात्राओं के लिए आधार के रूप में कार्य करता है। अगर आपको ट्रैकिंग पसंद है, तो आपको आस-पास की पहाड़ियों और जंगलों की खोज करने में मज़ा आएगा। गांव शांत है,



# भरपूर मजा लें कॉर्न अंबोडे का

कॉर्न अंबोडे स्वीट कॉर्न और चना दाल से बना एक स्वादिष्ट और कुरकुरा नाश्ता है। यह स्वादिष्ट व्यंजन चाय के समय या ऐपेटाइजर के रूप में एकदम सही है। इसे बनाना आसान है और इसमें मकई की प्राकृतिक मिठास के साथ चटपटे मसाले भी शामिल हैं। पैटीज़ बाहर से सुनहरे भूरे और कुरकुरे होते हैं जबकि अंदर से नरम और स्वादिष्ट होते हैं। चटनी या सॉस के साथ इन्हें गरमागरम परोसें और यह एक स्वादिष्ट व्यंजन है जिसे हर कोई पसंद करेगा!



### सामग्री

- 1 कप स्वीट कॉर्न (ताजा या फ्रोजन)
- 1/2 कप चना दाल (2 घंटे के लिए भिगोया हुआ)
- 1 प्याज (बारीक कटा हुआ)
- 2 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई)
- 1 बड़ा चम्मच अदरक (कद्दूकस किया हुआ)
- कुछ करी पत्ते (बारीक कटे हुए)
- 2 बड़े चम्मच धनिया पत्ता (बारीक कटा हुआ)
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा
- 1/2 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- स्वादानुसार नमक
- तलने के लिए तेल



### स्टेप्स

### सामग्री तैयार करें

अगर आप फ्रोजन कॉर्न का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो पहले उसे पिघला लें। मिक्सर में कॉर्न को बिना पानी डाले दरदरा पीस लें। भीगी हुई चना दाल को छान लें और इसे पीसकर मोटा पेस्ट बना लें। इसे बहुत चिकना न बनाएं; इसमें थोड़ी बनावट होनी चाहिए।

### सामग्री मिलाएं

एक बड़े कटोरे में पिसा हुआ कॉर्न, चना दाल का पेस्ट, कटा हुआ प्याज, हरी मिर्च, अदरक, करी पत्ता, धनिया पत्ता, जीरा, हल्दी पाउडर और नमक मिलाएं। आटे जैसा मिश्रण बनाने के लिए अच्छी तरह मिलाएं।

### एम्बोड को आकार दें

मिश्रण के छोटे-छोटे हिस्से लें और उन्हें चपटे, गोल पैटी का आकार दें। सुनिश्चित करें कि वे बहुत मोटे न हों, क्योंकि इससे उन्हें समान रूप से पकाने में मदद मिलती है।


### अंबोडे को तलें

मध्यम आंच पर एक गहरे फ्राइंग पैन में तेल गरम करें। एक बार जब तेल गरम हो जाए, तो पैटी को सावधानी से तेल में डालें और सुनहरा भूरा और कुरकुरा होने तक तलें। समान रूप से तलने के लिए उन्हें बीच-बीच में पलटते रहें।

### परोसें

एक बार हो जाने पर, कॉर्न अंबोडे को तेल से निकालें और उन्हें अतिरिक्त तेल निकालने के लिए एक पेपर टॉवल पर रखें। चटनी या सॉस के साथ गरमा गरम परोसें।

# आपका बच्चा भी फोन देखकर खाता है खाना? आज से ही बदलें आदत, बचाएं सेहत



आज की तकनीक-चालित दुनिया में, बच्चों को अपने फोन पर चिपके हुए स्नैक्स खाते हुए देखना आम बात है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आदत वास्तव में उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है? विशेषज्ञों का कहना है कि स्क्रीन से विचलित होकर खाने से ज़्यादा खाना, खराब पोषण और यहां तक कि पाचन संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। शारीरिक प्रभावों के अलावा, इसका मतलब यह भी है कि भोजन के समय परिवार के साथ समय बिताना और ध्यान लगाना भी छूट जाता है। इसलिए, अगर आपके बच्चे को हाथ में फोन लेकर नाश्ता करने की आदत है, तो शायद इस पर पुनर्विचार करने और इसे रीसेट करने का समय आ गया है। आइए जानें कि यह बदलाव आपके बच्चे के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए क्यों बड़ा बदलाव ला सकता है।

### 1. खाने से ध्यान भटकाना:

जब बच्चे अपने फ़ोन को देखते हुए खाते हैं, तो उनका ध्यान अपने खाने से हट जाता है। इसका मतलब है कि वे इस बात पर ध्यान नहीं देते कि वे कितना खा रहे हैं या उन्हें कितना पेट भरा हुआ लग रहा है। नतीजतन, वे ज़्यादा खा सकते हैं या बहुत जल्दी खा सकते हैं। बहुत तेजी से खाने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं क्योंकि पेट के पास मस्तिष्क को यह संकेत देने के लिए पर्याप्त समय नहीं होता कि वह भर गया है। इससे उनका वजन बढ़ सकता है और मोटापे का खतरा बढ़ सकता है।

### 2. खाने की खराब आदतें:

खाने के दौरान फ़ोन का इस्तेमाल करने से खाने की खराब आदतें भी हो सकती हैं। बच्चे संतुलित भोजन के बजाय चिप्स या कैंडी जैसे अस्वास्थ्यकर स्नैक्स चुन सकते हैं जिन्हें ध्यान भटकने पर आसानी से खाया जा सकता है। वे भोजन छोड़ भी सकते हैं या अनियमित रूप से खा सकते हैं क्योंकि वे अपने भोजन से ज़्यादा स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इससे विकास और वृद्धि के लिए ज़रूरी पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।

### 3. माइंडफुलनेस की कमी:

खाने का मतलब सिर्फ़ पेट भरना नहीं है; इसका मतलब भोजन का आनंद लेना और उसके स्वाद की सराहना करना भी है। जब बच्चे अपने फ़ोन से विचलित होते हैं, तो वे इस महत्वपूर्ण अनुभव से चूक जाते हैं। माइंडफुल ईटिंग बच्चों को भोजन के साथ एक स्वस्थ संबंध विकसित करने, भूख और पेट भरने के संकेतों को पहचानने और अपने भोजन के स्वाद और बनावट की सराहना करने में मदद करती है। माइंडफुलनेस के बिना, वे अपने भोजन का उतना आनंद नहीं ले सकते हैं या भावनात्मक रूप से खाने के लिए अधिक प्रवण हो सकते हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा।

**वृष:** किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। कमजोरी महसूस होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा।

**कर्क:** नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह:** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**तुला:** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी।

**वृश्चिक:** भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु:** दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मकर:** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ:** घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे।

# जन्म कुंडली और व्यवसाय-नौकरी



**(1) सूर्य-** चिकित्सक (फिजिशियन), दवाइयों से संबंधी, मैनेजमेंट राजनीति, गेहूं से संबंधी आदि।

**(2) चंद्रमा-** जल से संबंधित कार्य, पेय पदार्थ, दूध, डेयरी प्रोडक्ट (दही, घी, मक्खन) खाद्य पदार्थ, यात्रा से संबंधित कार्य, आईसक्रीम, ऐनीमेशन।

**(3) मंगल -** जमीन जायदाद विक्रय, विद्युत संबंधी, तांबे से संबंधित, सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, आर्कीटैक्चर, शल्यचिकित्सक मैनेजमेंट आदिस्पोर्टस, खिलाड़ी।

**(4) बुध-** वाणिज्य संबंधी, एकाउटेंट, कम्प्यूटर जोब, लेखन, ज्योतिष वाणीप्रधान कार्य, ऐंकरिंग, कन्सलटैंसी, वकील, टेलीफोन विभाग डाक, कोरियर, यातायात, पत्रकारिता, मीडिया, बीमा कंपनी आदि। कथा वाचक।

**(5) बृहस्पति-** धार्मिक व्यवसाय, कर्मकाण्ड, ज्योतिष, अध्यापन, किताबों से संबंधित कार्य, संपादन, छपाई, कागज से संबंधित कार्य, वस्त्रोंसे संबंधित, लकड़ी से संबंधित कार्य, न्यायालय संबंधित, परामर्श।

**(6) शुक्र-** कलात्मक कार्य, संगीत (गायन, वादन, नृत्य), अभिनय, चलचित्र संबंधी डेकोरेशन, फैशन डिजाइनिंग, पेंटिंग, स्त्रियों से संबंधित वस्तुएं, कोस्मैटिक स्त्रियों के कपड़े, विलासितापूर्ण वस्तु (गाड़ी,वाहन आदि) सजावटी वस्तुएं मिठाई संबंधी, एनीमेशन।

**(7) शनि-** मशीनों से संबंधित, पुर्जों से संबंधित, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, केमिकल प्रोडक्ट, ज्वलनशील तेल (पैट्रोल, डीजल आदि) लोहे से संबंधित कच्ची धातु, कोयला, प्राचीन वस्तुएं, पुरातत्व विभाग, अधिक श्रम वाला कार्य।



प्रियंका जैन
9769994439

खबर संक्षेप

## सिपाही को गोली मारने वाला माफिया गिरफ्तार

**आगरा।** ताजनगरी आगरा के खेरागढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को खनन माफिया से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने सिपाही को गोली मारने वाले मुख्य आरोपी सहित तीन को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से तीनों घायल हुए हैं। पुलिस तीनों को अस्पताल लेकर गई। मामले में पहले नौं लोगों को जेल भेजा जा जुका है। डीसीपी पश्चिमी सोनम कुमार ने बताया कि जांच के दौरान सिपाही को गोली मारने में सत्यप्रकाश का नाम सामने आया था। वह खेरागढ़ थाना क्षेत्र के ही पहाड़ी कलां गांव का रहने वाला है। सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि मुख्य अभियुक्त सत्यप्रकाश उर्फ सत्तो अपने साथियों नेत्रपाल उर्फ नित्तो निवासी विधौली, और विनोद निवासी फद्दीपुरा, थाना सिविल लाइन, मुरैना, मध्य प्रदेश के साथ जा रहा है।

## बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

**आजमगढ़।** क्षेत्र के सिकरौरा गांव में बंदरों ने आतंक मचा रखा है। बंदर किसानों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बंदरों के भय से लोग छत पर नहीं जा रहे हैं। सर्वाधिक मुश्किलों का सामना किसानों को करना पड़ रहा है। बंदर किसानों की फसल और सब्जियों के पौधों को उखाड़कर बर्बाद कर दे रहे हैं। ग्रामीण उमाशंकर मिश्रा प्रधान, गौरव सिंह, प्रशांत शुक्ला, लालबहादुर चौहान, पूर्व प्रधान लक्ष्मण चौहान आदि ने बताया कि घरों में लगाई गई पानी की टंकी की पाइप आदि को तोड़ दे रहे हैं। घर के बाहर व छत पर लगी पानी की टोंटी तथा छत पर लगी पानी की टंकी को बंदर काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## नवनीत सिंह चहल बने आजमगढ़ के नए जिलाधिकारी



**आजमगढ़।** शासन की ओर से 13 आईएएस अफसरों का तबादला किया गया है। जिसमें आजमगढ़ समेत कई जिलों के जिलाधिकारी बदले गए हैं। शासन ने 2011 बैच के आईएएस अधिकारी नवनीत सिंह चहल को आजमगढ़ के डीएम के रूप में तैनात किया है। जो आजमगढ़ से पहले आगरा के जिलाधिकारी रहे, वहां करीब एक साल तक जिलाधिकारी की कुर्सी संभालने के बाद प्रयागराज जैसे बड़े जनपद की जिम्मेदारी निभाई। नवनीत सिंह चहल पानीपत के रहने वाले हैं, आगरा से पहले यह मथुरा में भी डीएम रह चुके हैं। इसके साथ ही शासन ने आजमगढ़ के डीएम विशाल भारद्वाज को कुशीनगर का डीएम बनाया है।

# 'जब कहा गया इनको मारो जूते चार तब साधु-संत कहां थे'

## मठाधीश और माफिया की तुलना पर अखिलेश अड़े

**एजेंसी | लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने माफिया से मठाधीशों की तुलना करने पर विवाद के बीच अपने बयान का बचाव किया और कहा कि जब ये कहा गया था कि इनको मारो जूते चार तब ये साधु-संत कहां थे। अखिलेश ने कहा कि साधुओं और संतों को तब भी विरोध करना चाहिए था जब किसी नेता ने कहा था कि इनको मारो जूते चार। गूगल पर मठाधीश का विवरण देखने की सलाह देकर अखिलेश ने पूछा कि क्या ये लोग गूगल के खिलाफ धरना देंगे, क्या ये लोग गूगल का पुतला फूंकेंगे?



### क्या कहा अखिलेश ने ?

अखिलेश ने सुलतानपुर के विवादित मंगेश यादव एनकाउंटर को लेकर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सरकार ने इतने एनकाउंटर किए हैं कि उसने इसे मुठभेड़ की राजधानी बना दिया है। ऐसा कोई नहीं है जो यह नहीं जनता हो कि बीजेपी की सरकार में फर्जी मुठभेड़ हो रहे हैं, हत्याएं हो रही हैं। अखिलेश ने इसी बयान में आगे जोड़ दिया था- "मठवासियों और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता।"

### भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अखिलेश का पुतला जलाया

जाहिर तौर पर अखिलेश जब बाबा, मठवासी जैसे विशेषण का इस्तेमाल करते हैं तो उनके निशाने पर भाजपा के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होते हैं। योगी राजनीति में सक्रियता से पहले और आज भी गोरखपुर के गोरक्षपीठ के प्रमुख हैं। योगी राज्य के सीएम के साथ ही साथ गोरक्षपीठाधीश्वर की पदवी भी धारण करते हैं। मठ के लोगों की माफिया से तुलना करने पर साधु-संत समेत भाजपा नेताओं ने अखिलेश के बयान का विरोध किया है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने तो अखिलेश का पुतला भी जलाया है।

### काशीराम के नारे के बहाने साधा निशाना

लखनऊ में सपा कार्यालय में हिन्दी दिवस कार्यक्रम के दौरान मीडिया ने जब इस विवाद को लेकर उनका पुतला जलाने की चर्चा की अखिलेश ने बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के संस्थापक नेता रहे काशीराम द्वारा 90 के दशक में दिए राजनीतिक नारे- तिलक, तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार- के अंतिम हिस्से का जिक्र किया और सवाल उछाल दिया कि जब ये नारा दिया गया तब साधु-संतों ने क्यों विरोध नहीं किया।

# पति ने हथौड़े से सिर कूंच कर की बीवी की हत्या

## दूसरे युवक से अवैध संबंध का था शक

**एजेंसी | गोरखपुर**

यूपी के गोरखपुर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने हथौड़े से सिर कूंचकर बीवी की हत्या कर दी। वह बीवी के चरित्र पर काफी दिनों से शक करता था। इसी बात को लेकर दोनों में आए दिन विवाद होता था। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और मामले की तहकीकात में जुट गई।

### करीब 7-8 साल पहले हुई थी शादी



ये घटना बेलघाट इलाके के शंकरपुर गांव की है। नकुल गुप्ता और सोनी गुप्ता की शादी करीब 7-8 साल पहले हुई थी। नकुल पहले विदेश में काम करता था लेकिन डेढ़ साल पहले वह गांव वापस लौट आया था। लंबे समय से उसका घरेलू विवाद चल रहा था। सोनी के किसी अन्य के साथ अवैध संबंध के शक को लेकर आए दिन झगड़ा होता था। इस विवाद को सुलझाने के लिए कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन फिर भी कोई हल नहीं निकला। इस बीच युवक ने बीवी के खिलाफ विदाई का मुकदमा भी दायर कर दिया था। सोनी करीब एक साल से अपने मायके तिघरा में रह रही थी और गोरखपुर सिटी मॉल में काम कर रही थी। उसकी मां के अनुसार, दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती रहती थी। 13 तारीख को नकुल ने सोनी को शंकरपुर बुलाया और 14 को सिर कूंचकर उसकी हत्या कर दी।

### केस दर्ज, मामले की पड़ताल जारी

घटना की सूचना मिलने पर सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की पड़ताल में जुट गई। वहीं, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। इस मामले में एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि पति को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था, जिस कारण उसने पत्नी के सिर पर किसी चीज से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। जल्द ही आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जौनपुर के नए डीएम बनाए गए डॉ. दिनेश चंद्र



**जौनपुर।** शासन की ओर से शुक्रवार की देर रात 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए। इस क्रम में जौनपुर के जिलाधिकारी रहे रविंद्र कुमार मांदड़ का भी तबादला किया गया। उन्हें प्रयागराज का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं इनकी जगह जौनपुर जिले की जिम्मेदारी डॉ. दिनेश चंद्र को दी गई है। डॉ. दिनेश चंद्र सहारनपुर में डीएम का कार्यभार संभाल चुके हैं। जौनपुर में तैनाती के पहले वे चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास विभाग में बतौर विशेष सचिव कार्यरत थे।

# शादी का झांसा देकर महिला सब-इंस्पेक्टर का यौन शोषण

## दरोगा को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**एजेंसी | वैशाली**

महिला दरोगा का यौन शोषण करने और धोखाधड़ी से पैसे ठगने के आरोप में बिहार पुलिस ने अपने ही एक दरोगा को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, वैशाली जिले के हाजीपुर महिला थाना पुलिस ने शादी करने का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने और धोखाधड़ी से पैसा ठगने वाले शिवहर के एक दारोगा को पटना से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दारोगा का नाम राहुल कुमार है, जो सीवान जिले के सोनबरसा थानाक्षेत्र के जीबी नगर का निवासी है। आरोपी राहुल पूर्व में मुजफ्फरपुर जिले के राजेपुर थाने में थाना अध्यक्ष रह चुका है। दरोगा की गिरफ्तारी के बाद हाजीपुर महिला थाना प्रभारी ने बताया कि यह मामला 2023 का है, जब महिला



दारोगा की नियुक्ति सरैया थाना में हुई थी और आरोपी दारोगा राहुल का बरूराज थाना तैनात था। दोनों के बीच जान-पहचान हुई और राहुल ने महिला दारोगा से शादी करने की बात की। जिस पर महिला दरोगा ने शादी करने से इंकार कर दिया और बताया कि उसकी शादी कहीं और तय हो गई है।

# चाचा-भतीजा को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, दोनों की मौत

**एजेंसी | अररिया**

अररिया पुणिया मार्ग में एनएच 27 पर कुसियारगांव बालु चौक के समीप एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने चाचा और भतीजा को रौंद दिया, जिससे चाचा और भतीजा गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों व परिजनों के सहयोग से दोनों को आनन-फानन में सदर अस्पताल अररिया लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने चाचा की गम्भीर स्थित देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया, और भतीजे को प्राथमिक जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं, हायर सेंटर ले जाने के दौरान रास्ते में ही चाचा की



भी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर सदर अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों के बीच चिख पुकार मच गई। चाचा-भतीजे की पहचान जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र के भनसीया पंचायत के महांजाली टोला निवासी महरूम मुस्ताक के 40 वर्षीय बेटे मोहम्मद सोबराती व मोहम्मद वसीम के 20 वर्षीय बेटे मोहम्मद साजिद के रूप में हुई हैं। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के परिजन मेराज आलम ने बताया कि चाचा-भतीजा राज मिस्त्र का काम करते थें। जो शनिवार को काम ढूंढने गए थे। काम ढूढ कर लौटने के दौरान कुसियारगांव बालु चौक के समीप एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने उन्हें रौंद दिया, इधर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को देने की बात कही गई है।

## बिहार के लाल को गूगल ने दिया दो करोड़ का पैकेज

**एजेंसी | जमुई**

कहते हैं कि इंसान की किस्मत उसी के हाथ में होती है। अगर वह चाहे तो उसे बना ले या बिगाड़ ले। प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में अपना परचम लहराने के बाद बिहार के युवा निजी क्षेत्र की बड़ी-बड़ी कंपनियों में भी अपना प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। दिग्गज टेक कंपनी गूगल भी बिहार के युवाओं की मुरीद होती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही कंपनी ने बिहार की बेटी को 60 लाख का पैकेज दिया था। वहीं, अब इस दिग्गज कंपनी ने जमुई के रहने वाले अभिषेक कुमार को 2.07 करोड़ का पैकेज दिया है। अभिषेक अब गूगल के लंदन स्थित ऑफिस में अपनी सेवाएं देंगे।




# मालदीव के मंत्रियों ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना स्थल का किया दौरा

**एजेंसी | मुंबई/नई दिल्ली**

मालदीव गणराज्य के निर्माण और अवसंरचना मंत्री डॉ. अब्दुल्ला मुथथलिब के नेतृत्व में मालदीव के वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में निर्माणाधीन भारत की पहली अंडरसी टनल से जुड़ी हाई स्पीड रेल सी-2 पीकेजी का दौरा किया है। ये प्रतिनिधिमंडल भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ विचार-विमर्श कर रहा है। एफकॉन्स ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि मालदीव के मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में निर्माणाधीन मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के एक हिस्से का दौरा किया है। इस परियोजना का निर्माण इंजीनियरिंग कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए किया जा रहा है। इस परियोजना में 21 किलोमीटर लंबी सुरंग शामिल है, जिसमें भारत की पहली अंडरसी हाई स्पीड रेल सुरंग (7 किलोमीटर) भी है।

### एफकॉन्स ने भारत आए मालदीव के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की




कंपनी ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में मालदीव के निर्माण एवं अवसंरचना राज्य मंत्री इब्राहिम थोआम मोहम्मद, निर्माण एवं अवसंरचना राज्य मंत्री इस्माइल हमीद, रणनीतिक संचार निदेशक अब्दुल्ला मिउवन शरीफ और मोहम्मद जिनान सईद शामिल थे। वहीं, भारत की ओर से मालदीव में भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर, राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन के मुख्य परियोजना प्रबंधक उदय प्रकाश सिंह और परियोजना निदेशक सुनील त्यागी के नेतृत्व में एफकॉन्स टीम के साथ प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए, जिन्होंने निर्माण की बारीकियों के बारे में बताया। उल्लेखनीय है कि एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड शापूरजी पल्लोनजी समूह की एक अग्रणी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है। ये कंपनी मुख्य तौर पर इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग और निर्माण का कार्य करती है।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का IPO लाने का प्लान

**एजेंसी | मुंबई**

साउथ कोरिया की LG इलेक्ट्रॉनिक्स अपनी भारतीय यूनिट का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानि IPO लाने वाली है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, LG इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड IPO से करीब 150 करोड़ डॉलर यानी 12,582 करोड़ रुपए जुटा सकती है। LG इलेक्ट्रॉनिक्स ने इस IPO को मैनेज करने के लिए जिन बड़े बैंकों को चुना है, उनमें बैंक ऑफ अमेरिका, सिटीग्रुप, जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी और मॉर्गन स्टेनली शामिल है।




- आईपीओ से ₹12,582 करोड़ जुटाएगी
- बैंक ऑफ अमेरिका और जेपी मॉर्गन को IPO का मैनेजर चुना

### अगले साल 2025 की शुरुआत में आ सकता है IPO

सूत्रों के मुताबिक, यह IPO अगले साल 2025 की शुरुआत में आ सकता है। 100-150 करोड़ डॉलर के IPO के बाद जब शेयर लिस्ट होंगे तो LG इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वैल्यूएशन करीब 1300 करोड़ डॉलर हो सकती है। LG इलेक्ट्रॉनिक्स यह IPO एक स्ट्रैटेजी के तहत ला रही है, क्योंकि कंपनी ने 2030 तक 7,500 करोड़ डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स रेवेन्यू का टारगेट रखा है और यह कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस को फिर से ट्रैक पर लाने की कोशिशों का हिस्सा है। ये बातें कंपनी के CEO विलियम चो ने अगस्त में ब्लूमबर्ग टेलीविजन के साथ इंटरव्यू में कही थी।

## 16 की बजाय 18 सितंबर को होगी ईद-ए-मिलाद की छुट्टी: आरबीआई

**एजेंसी | मुंबई/नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 16 सितंबर को घोषित सार्वजनिक अवकाश निरस्त कर दिया है। अब मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय जिलों में स्थित आरबीआई के सभी कार्यालय ईद-ए-मिलाद पर्व के उपलक्ष्य में 18 सितंबर 2024 को बंद रहेंगे। इसके साथ ही इस दिन सरकारी




प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और मुद्रा बाजारों में भी कोई लेन-देन और निपटान नहीं होगा।

### आरबीआई ने जारी किया बयान

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि पैगम्बर मुहम्मद के जन्म के अवसर पर मनाई जाने वाली ईद-ए-मिलाद अब 18 सितंबर को मनाई जाएगी। आरबीआई के मुताबिक अब सरकारी प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और मुद्रा बाजारों में कोई लेन-देन और निपटान 18 सितंबर को नहीं होगा। इसके साथ ही मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय जिलों में स्थित आरबीआई के सभी कार्यालय भी बंद रहेंगे।

## विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की विमान सेवा का शुभारंभ

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में विजयवाड़ा से नई दिल्ली के बीच इंडिगो की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। नायडू ने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया। मंत्री के कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री नायडू ने विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की उड़ान का उद्घाटन किया है। इसके साथ ही उन्होंने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया। इससे एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए दूरी 400 मीटर कम हो गई है। मंत्री नायडू ने कहा कि मुझे हवाई अड्डे के संचालन की समीक्षा करने का भी मौका मिला। नए एकीकृत टर्मिनल को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। हम विजयवाड़ा एयरपोर्ट को और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह उद्घाटन उसी दिशा में एक कदम मात्र है।

# सरकार के रियायती दरों पर प्याज की खुदरा बिक्री से कीमत में आई गिरावट

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर 35 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर बेचने की शुरुआत की है। सरकार की सब्सिडी वाली प्याज की खुदरा बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। हालांकि, इसकी कीमतों में अभी तेजी बनी हुई है।

### प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट



उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि पांच सितंबर को शुरू की गई सरकार की सब्सिडी वाली प्याज की बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 रुपये से घटकर 55 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जबकि मुंबई में 61 रुपए से घटकर 56 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। चेन्नई में खुदरा कीमत 65 रुपए से घटकर 58 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 7 सितंबर को सोना 71,931 रुपए पर था, जो अब (14 सितंबर) को 73,044 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 1,113 रुपए की बढ़ी है। वहीं चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 83,338 रुपए पर थी, जो अब 86,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस हफ्ते इसकी कीमत 2,762 रुपए बढ़ी है। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी। वहीं सोने ने 21 मई को 74,222 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।



- सोना 1,113 रुपए बढ़कर 73,044 रुपए पर पहुंचा
- चांदी 86,100 रुपए प्रति किलो बिक रही

### 4 महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,410 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,610 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,260 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,460 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 68,260 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 74,460 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,260 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,460 रुपए है।

## लगातार पांचवीं जीत टूर्नामेंट में दर्ज की भारतीय हॉकी टीम ने

## दोनों गोल कप्तान ने पेनाल्टी कॉर्नर छह मिनट के भीतर दागे

# हरमनप्रीत के दम पर भारत ने पाक को पीटा



### हरमन ने दिलाई बराबरी

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मैच की तरह पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने जीत हासिल करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारतीयों ने शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा बनाया, लेकिन जैसे जैसे मैच आगे बढ़ा पाकिस्तान का आत्मविश्वास बढ़ता गया। पाक के लिए हन्नान शाहिद ने मिडफील्ड में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय डिफेंस में खलबली मच गई और नदीम ने गेंद भारतीय गोल में पहुंचाकर अपनी टीम को आगे कर दिया।

### नंबर गेम

- 8 पेनाल्टी कॉर्नर भारत ने मैच में हासिल किए जिसमें दो को गोल में बदला
- 5 गोल सर्वाधिक भारत की ओर से हरमनप्रीत ने अब तक टूर्नामेंट में दागे हैं

### सेमीफाइनल लाइन अप

- भारत बनाम दक्षिण कोरिया
- पाकिस्तान बनाम चीन

एजेंसी | हुलुनबुइर

भारतीय हॉकी ने पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल के दम पर भारत ने शनिवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के अपने अंतिम लीग मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से पटखनी दी। इस जीत के साथ भारत ने पाक के खिलाफ लगातार आठ साल और 17 मैचों (15 जीत, 2 ड्रॉ) से अपना अजेय अभियान जारी रखा है।

### दोनों के बीच पिछले पांच मुकाबले

- 2021 : ढाका में एसीटी में 4-3 से पराजित किया
- 2022 : जकार्ता एशिया कप में 1-1 से बराबरी
- 2022 : हांगझोउ एशियाई खेलों में 10-2 से धोया
- 2023 : चेन्नई में एसीटी में 4-0 से पटखनी दी
- 2024 : चीन में एसीटी में 2-1 से हराया

### पाक की पहली हार

भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (13वें, 19वें मिनट) ने दोनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर छह मिनट के भीतर दागे। पाकिस्तान के लिए एकमात्र गोल अहमद नदीम (8वें मिनट) किया। पाक की टीम ने जल्द बढ़त बना ली थी। पर भारत ने जबरदस्त वापसी कर उससे एकबार फिर जीत छीन ली। यह पाक की इस टूर्नामेंट में पहली हार थी।

### फिर दिलाई बढ़त

भारतीयों ने दूसरे क्वार्टर में दबाव बनाना जारी रखा और 19वें मिनट में अपना दूसरा पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किया। एक बार फिर पाकिस्तानी रक्षण के पास कोई जवाब नहीं था। हरमनप्रीत के सटीक शॉट से भारत 2-1 से आगे हो गया। दूसरे क्वार्टर में भारत गेंद को कब्जे में रखने में सफल रहा। पाकिस्तान ने कई मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में सेंध लगाने के मौके बनाए। दूसरे हाफ से मात्र 45 सेकंड पहले पाक के पास बराबरी का मौका था लेकिन यह विफल रहा।

### रक्षापंक्ति को नहीं भेद पाया पाक

भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी दबदबा बनाए रखा और 37वें मिनट में अपना तीसरा पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन गोल नहीं कर सके। पाक ने इसके बाद लगातार हमले किए लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति को नहीं भेद सके।

### नोकझोंक भी, पाक को पीला कार्ड

मैच में हरमनप्रीत और पाकिस्तान के अशरफ वहीद राणा के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। ऐसा राणा के भारतीय सर्कल के अंदर जुगराज सिंह को कंधा मारने के बाद हुआ। जुगराज इस धक्के से गिर गए थे और दर्द से कराह रहे थे। राणा को पीला कार्ड दिखाया गया।

## टीम इंडिया ने चार दिवसीय अभ्यास शिविर के लिए बराड़ को बुलाया, लंबे कद के इस पेसर की तेज गति से गेंद फेंकने की क्षमता ने किया प्रभावित

# राना से निपटने को पंजाब के तेज गेंदबाज गुरनूर के साथ अभ्यास

एजेंसी | चेन्नई

टीम इंडिया ने बांग्लादेश के लंबे कद के तेज गेंदबाज नाहिद राना से निपटने के लिए पंजाब के छह फीट 4.5 इंच लंबे कद के पेसर गुरनूर बराड़ को अभ्यास के लिए अपने साथ जोड़ा है। उन्होंने अब तक पांच प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। वह पिछले सत्र में आईपीएल के दौरान पंजाब किंग्स के साथ भी थे। हालांकि गुरनूर का प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। लेकिन इस 24 वर्षीय खिलाड़ी के लिए जो चीज कारगर रही है वो उनका लंबा कद और तेज गति से गेंद फेंकने की उनकी क्षमता है। टीम का चार दिवसीय शिविर यहां चल रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि गुरनूर को बांग्लादेश के पेसर राना के गेंदबाजी एक्शन के लिए खास



तौर पर बुलाया गया है। राना ने हाल में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में पांच विकेट चटकाए थे। उनकी गेंदबाजी की खासियत यह है कि छह फीट पांच इंच लंबे कद के कारण उन्होंने उछाल हासिल किया और पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उन्होंने सीधी लाइन में गेंदबाजी की थी।

### भारतीय टीमें मैच के अभ्यास पर काफी हद तक निर्भर


पिछले कुछ वर्षों में भारतीय टीमें मैच के अभ्यास पर काफी हद तक निर्भर रही हैं। गौतम गंभीर की टीम भी इससे अलग नहीं है जो विशेष कौशल वाले नेट गेंदबाजों का चयन कर रही है ताकि 19 सितंबर से यहां शुरू हो रही बांग्लादेश सीरीज के लिए बल्लेबाजों को तैयार होने में मदद मिल सके। ऐसा माना जा रहा है कि नई गेंद से गेंदबाजी करने वाले दो शानदार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी में भारत के 'टर्निंग पिच' पर खेलने की संभावना नहीं है।

## अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर तसेन बोरा का निधन

एजेंसी | डिब्रूगढ़

डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में प्रख्यात खेल संगठक, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर तसेन बोरा का शनिवार तड़के 3.36 बजे निधन हो गया। उच्च रक्तचाप संबंधी बीमारियों के कारण उन्हें असम मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीती रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके चलते उनका निधन हो गया। तसेन बोरा के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को राज्य के खेल जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताया है।

# कपिला के बीमार होने से वियतनाम ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त



एजेंसी | हो ची मिन्ह सिटी

ध्रुव कपिला के बीमार हो जाने के कारण उनकी और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को शनिवार को सेमीफाइनल मैच से हटना पड़ा। इससे वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। कपिला और क्रैस्टो की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को इंडोनेशिया के अदनान मौलाना और इंदाह काह्या सारी जमील का सामना करना था। कपिला को बुखार और पीठ में दर्द के कारण भारतीय जोड़ी को मैच से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### मुंबई के मैदानों से

## टेनिस प्रीमियर लीग में रोहन बोपन्ना

दोपहर संवाददाता | मुंबई

दो ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता रोहन बोपन्ना इस बार दिसंबर महीने में आरंभ हो रहे टेनिस प्रीमियर लीग के छठें संस्करण में पहली बार भाग लेने वाले हैं। वर्तमान में रोहन बोपन्ना को विश्व में युगल मुकाबलों में छठीं रैंक प्राप्त हैं। इस बार टेनिस प्रीमियर लीग में सभी फ्रेन्चाईजी पांच-पांच मैच खेलने वाली हैं, जिनमें अंकों के आधार पर चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी, फ्रेंचाइजी के बीच होने वाले सभी मैचों में पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल शामिल होंगे।

## घुड़दौड़: डैश के लिए अवसर

दोपहर संवाददाता | मुंबई

रविवार को पुणे रेसकोर्स पर आयोजित घुड़दौड़ सत्र के सातवें दिन पूनावाला भाईयों द्वारा प्रायोजित कुल सात दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य दौड़ सोली पूनावाला मिलियन दौड़ में 11 प्रतिद्वंदियों के बीच मलेश नरेडू द्वारा प्रशिक्षित डैश की स्थिति बेहतर है और उसके जीत की संभावना है। पहली दौड़ दोपहर दो बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार है: 1- प्रिंस इगोर (प्र.), मोमेन्ट ऑफ मैडनेस (द्वि.), 2- ऑयरिश गोल्ड (प्र.), बेबी बॉज़ूका (द्वि.), 3- बुगाती (प्र.), मल्टिवर्स (द्वि.), 4- कैच (प्र.), फैबल (द्वि.), 5- डैश (प्र.), स्पैनिश ऑईज (द्वि.), 6- विलानेले (प्र.), फॉस्ट एप्रोच (द्वि.), 7- सॉयकिक स्टॉर (प्र.), मार्कस (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- विलानेले।

# दलीप ट्रॉफी: तिलक और प्रथम के शतक से भारत ए मजबूत

- 488 रन का लक्ष्य दिया भारत ए ने भारत डी को जीत के लिए
- 104 रन की साझेदारी वर्मा और सिंह ने दूसरी विकेट के लिए निभाई



एजेंसी | अनंतपुर

तिलक वर्मा और प्रथम सिंह की शतकीय पारियों से भारत ए ने शनिवार को दलीप ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन दूसरी दूसरी पारी तीन विकेट पर 380 रन पर घोषित कर दी। इससे इंडिया डी को जीत के लिए 488 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। तिलक ने 193 गेंद में नाबाद 111 रन की पारी के दौरान नौ चौके लगाए। वहीं प्रथम ने 189 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाकर 122 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडिया डी ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 62 रन बना लिए हैं। अथर्व तायडे खाता खोले बगैर खलील अहमद का शिकार बन गए। सलामी बल्लेबाज यश दुबे 15 और रिकी भुई 44 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

# 'लव एंड वॉर' की रिलीज टली




संजय लीला भंसाली पिछली बार वेब सीरीज 'हीरामंडी' लाए थे, जिसने OTT पर खूब धमाल मचाया। फिल्मों की बात करें तो उनकी पिछली फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' ने भी कई पुरस्कार अपने नाम किए थे और इसी के साथ इस फिल्म की हीरोइन आलिया भट्ट की फिल्मावली में भी चार चांद लग गए थे। अब भंसाली फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर चर्चा में हैं, जो अगले साल पर्दे पर आने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज टाल दी गई है।

### अगले साल ईद पर दर्शकों के बीच आएगी फिल्म

बीते दिन खबर आई कि भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज आगे बढ़ा दी गई है और अब यह अगले साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों का रुख नहीं करेगी। खुद भंसाली ने भी सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज टलने पर अपनी मोहर लगा दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, 'बहुत विचार करने के बाद मैंने यह फैसला किया है कि ईद, 2026 मेरी फिल्म 'लव एंड वॉर' को रिलीज करने का सही समय होगा।'

# कार्तिक आर्यन से रोमांस करने को तैयार तृप्ति डिमरी



अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों सफलता के रथ पर सवार है। फिल्म 'एनिमल' के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ और तृप्ति के पास फिल्मों की लाइन लग गई। उनकी पिछली फिल्म 'बैड न्यूज' ने भी बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया। आने वाले दिनों में तृप्ति एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगी। अब खबर है कि कार्तिक आर्यन की एक दूसरी फिल्म के लिए भी उनके नाम पर पक्की मोहर लग चुकी है।



### अनुराग बासु करेंगे फिल्म का निर्देशन

रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म के निर्देशन की कमान अनुराग बासु संभाल रहे हैं। यह एक लव स्टोरी पर आधारित होगी। फिल्म के लिए अनुराग ने कार्तिक के साथ तृप्ति की जोड़ी फाइनल कर दी है और अभिनेत्री 'भूल भुलैया 3' जैसी कॉमेडी फिल्म के बाद अब रोमांटिक फिल्म में कार्तिक के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग?

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग 24 सितंबर से शुरू होगी, जो फरवरी तक चलेगी, वहीं 2025 में फिल्म पर्दे पर आएगी। इसके बाद कार्तिक निर्देशक मुदस्सर अजीज की फिल्म 'पति पत्नी और वो' के सीक्वल की शूटिंग शुरू करेंगे।

# शरमन जोशी पहली बार नजर आएंगे सलमान खान के साथ



सलमान खान पिछली बार फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आए थे। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। अब सलमान फिल्म 'सिकंदर' लेकर आ रहे हैं और हमेशा की तरह उनकी इस फिल्म को लेकर भी खूब हो-हल्ला मचा हुआ है। अब जो खबर आ रही है, उससे इस फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ जाएगा। दरअसल, खबर है कि इस फिल्म से अभिनेता शरमन जोशी भी जुड़ गए हैं।

### दिखेगी सलमान और शरमान की शानदार जुगलबंदी

शरमन को 'सिकंदर' में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए साइन किया गया है। फिल्म में सलमान के साथ उनकी एक अनोखी जुगलबंदी देखने को मिलेगी। सलमान ने पहले ही फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म के जरिए पहली बार सलमान और शरमन साथ काम कर रहे हैं। दोनों के बीच यह खास तालमेल फिल्म का मुख्य आकर्षण होने वाला है। सलमान और शरमन साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।



### 'सिंकदर' में ये कलाकार भी आएंगे नजर

'सिकंदर' में सलमान के साथ पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। एआर मुरुगादॉस इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। काजल अग्रवाल, प्रतीक बब्बर और सत्यराज भी 'सिकंदर' में अहम भूमिका निभाते दिखाई देंगे।

# स्क्विड गेम को लेकर सोहम शाह के आरोपों पर नेटफ्लिक्स का पलटवार

नेटफ्लिक्स और हिट दक्षिण कोरियाई सीरीज 'स्क्विड गेम' कानूनी पचड़े में फंस गई है। भारतीय फिल्म निर्माता सोहम शाह ने शो के लेखक और मंच पर कॉपीराइट उल्लंघन का मुकदमा दायर किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म निर्माता सोहम शाह ने नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'स्क्विड गेम' पर उनकी 2009 की फिल्म 'लक' की नकल करने का आरोप लगाया है। इसी पर अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आ गई है।

### सोहम शाह का दावा

सोहम शाह की ओर से दायर किए गए मुकदमे में दावा किया गया है कि 'स्क्विड गेम' की कहानी 'लक' को बारीकी से दर्शाती है। 'लक' की बात करें तो, इमरान खान, संजय दत्त और श्रुति हासन अभिनीत यह फिल्म कर्ज में डूबे लोगों के एक समूह के बारे में है, जो बड़ी रकम जीतने के मौके के लिए प्रतिस्पर्धी खेलों की एक सीरीज में शामिल हो जाते हैं। जाहिर तौर पर 2021 की सीरीज 'स्क्विड गेम', सोहम शाह की फिल्म के साथ उल्लेखनीय समानताएं साझा करती है।




### नेटफ्लिक्स ने दावे को बताया बेबुनियाद

नेटफ्लिक्स की ओर से अब दिए एक बयान में दावे का खंडन करते हुए आरोप का जवाब दिया गया है। नेटफ्लिक्स के एक प्रवक्ता ने कहा, 'इस दावे में कोई दम नहीं है. स्क्विड गेम ह्वांग डोंग ह्युक द्वारा बनाया और लिखा गया था और हम इस मामले का सख्ती से बचाव करने का इरादा रखते हैं।'

# विजय की आखिरी फिल्म 'दलपति 69' का पहला पोस्टर जारी



'दलपति 69' साउथ सुपरस्टार विजय की राजनीति में प्रवेश से पहले आखिरी फिल्म होगी। 'द गोट' की रिलीज के कुछ ही दिनों बाद विजय की अगली फिल्म पर एक अपडेट आया है।

इस फिल्म का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस करने जा रहा है। बीते दिन प्रोडक्शन हाउस ने आधिकारिक तौर पर एक भावुक वीडियो जारी करते हुए 'दलपति 69' के बारे में जानकारी दी थी। वहीं, अब केवीएन प्रोडक्शंस ने आधिकारिक तौर पर फिल्म का एलान कर दिया है। साथ ही उन्होंने 'दलपति 69' का पहला पोस्टर भी जारी किया।

केवीएन प्रोडक्शंस ने फिल्म की घोषणा करते हुए इसका पहला पोस्टर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के बारे में दिलचस्प जानकारियां भी साझा कीं। वहीं, उन्होंने 'दलपति 69' की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं द्वारा जारी किए गए पोस्टर में विजय के हाथों को दिखाया गया है और उनके साथ में जल्दी हुई एक मशाल दिख रही है। पोस्टर पर लिखा है कि लोकतंत्र के मशाल वाहक जल्द आ रहे हैं।

# वित्त मंत्री सीतारमण से कारोबारी ने माफी मांगी

## जीएसटी पर सवाल पूछा था, BJP ने हाथ जोड़े हुए वीडियो किया पोस्ट, राहुल गांधी इसे बताया अपमान



**एजेंसी । नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से रेस्टोरेंट मालिक के माफी मांगने पर विवाद बढ़ता जा रहा है। 11 सितंबर को कोयंबटूर में एक प्रोग्राम में होटल मालिक श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से GST की वजह से आ रही दिक्कतों पर सवाल किया था। साथ ही उन्होंने मिठाई और नमकीन पर एक समान GST लगाने की अपील की थी। इसके कुछ देर बाद एक वीडियो सामने आया, जिसमें वित्त मंत्री से होटल मालिक माफी मांग रहे थे। श्रीनिवासन को वीडियो में यह कहते हुए सुना गया कि मुझे मेरी बातों के लिए माफ कर दीजिए। मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं हूं। इस मामले में विपक्षी नेता वित्त मंत्री की आलोचना कर रहे हैं।

### पूरा मामला समझिए

**1. GST को लेकर वित्त मंत्री से होटल मालिक का सवाल**

तमिलनाडु के कोयंबटूर में 11 सितंबर को वित्त मंत्री ने होटल व्यवसायियों के साथ बैठक की। इसमें मशहूर होटल चेन श्री अन्नपूर्णा के मालिक श्रीनिवासन भी शामिल हुए थे। उन्होंने वित्त मंत्री से खाने वाले सामानों पर लग रही अलग-अलग GST दरों पर चिंता जताई। श्रीनिवासन ने कहा कि क्रीम से भरे बन पर 18% टैक्स लगता है, जबकि सादे बन पर GST नहीं लगता है। कस्टमर कहते हैं कि आप सादा बन दीजिए, हम क्रीम खुद भर लेंगे। श्रीनिवासन ने यह भी कहा, ' सरकार ने मिठाइयों पर 5% और नमकीन पर 12% जीएसटी लगाया है, क्योंकि उत्तर में लोग मिठाइयां ज्यादा खाते हैं। तमिलनाडु में अक्सर मिठाई, नमकीन और कॉफी का सेवन एकसाथ किया जाता है। केंद्र को इन चीजों पर एक समान जीएसटी दर लागू करना चाहिए।' श्रीनिवासन की बातें सुनकर कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग हंस पड़े। इस दौरान वित्त मंत्री भी मुस्कुराती नजर आईं और उन्होंने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया।

**2. प्रोग्राम के बाद वित्त मंत्री से माफी मांगते दिखे श्रीनिवासन**

11 सितंबर को ही तमिलनाडु भाजपा ने श्रीनिवासन का एक वीडियो X पर पोस्ट किया। इसमें वे वित्त मंत्री के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगते दिखे। उन्होंने बताया कि वे किसी राजनीतिक दल से नहीं हैं और सवाल पूछने के लिए माफी मांगी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद तमिलनाडु भाजपा ने X से वीडियो डिलीट कर दिया।

**3. राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की आलोचना की**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने X पर लिखा, 'जब छोटे व्यवसाय के मालिक GST व्यवस्था को सरल करने की मांग करते हैं, तो उनका अनादर किया जाता है। वहीं दूसरी तरफ, जब कोई अरबपति मित्र नियमों को तोड़ता है, कानून ताक पर रखता है या राष्ट्रीय संपत्ति हासिल करना चाहता है, तो मोदी जी रेड कार्पेट बिछा देते हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि श्रीनिवासन का मजाक बनाया गया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह घटना वित्त मंत्री के अहंकार को दिखाती है।

**4. तमिलनाडु भाजपा ने माफी मांगी**

तमिलनाडु के बीजेपी चीफ के. अन्नामलाई ने श्रीनिवासन से माफी मांगी है। अन्नामलाई ने कहा कि यह पार्टी पदाधिकारियों की गलती है कि उन्होंने वित्त मंत्री और रेस्तरां मालिक के बीच निजी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया। वह भाजपा की ओर से माफी मांगते हैं। वहीं, बीजेपी नेता वनती श्रीनिवासन ने स्पष्ट किया कि श्रीनिवासन को बीजेपी ने माफी मांगने के लिए मजबूर नहीं किया था।

### न्यूज़ ब्रीफ

**संस्कृति-विरासत से रुबरू कराएगा पर्यटन विभाग**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार का पर्यटन विभाग अपने हॉटेंड और हेरिटेज वॉक की सफलता के बाद थीम आधारित भ्रमण उत्सवन (थीम बेस्ड वॉक) शुरू करने की तैयारी में है। शहर के पर्यटन, संस्कृति और समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए यह अक्तूबर से तीन महीने तक चलेगा। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली का हेरिटेज वॉक की यात्राएं अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसलिए विभाग को उम्मीद है कि थीम आधारित यात्राएं भी सफल होंगी। इसमें हेरिटेज और हॉटेंड के साथ-साथ विभाग इस बार 100 से अधिक नए स्थलों पर इस वॉक की शुरुआत करेगा, जिसमें सबसे पुराने पुलिस स्टेशन, पुराने सिनेमा हॉल, पुरानी दिल्ली, मिट्टी के बर्तन बनाने वाली कुम्हार कॉलोनियां, उद्यान और खानपान की दुकानें शामिल की जाएंगी। अक्तूबर तक मानसून खत्म हो जाएगा। उसके बाद ही थीम आधारित यात्राएं शुरू की जाएंगी। इसके लिए पर्यटन विभाग के पास पंजीकरण कराना होगा।

**कांग्रेस विधायक जुबेर खान का निधन**

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर की रामगढ़ सीट से कांग्रेस विधायक जुबेर खान का शनिवार सुबह निधन हो गया। खान की पत्नी साफिया जुबेर ने बताया कि उनके शौहर कुछ समय से बीमार थे। वह करीब 61 वर्ष के थे। उन्होंने ढाई पेडी स्थित अपने फार्म हाउस पर सुबह 5.50 बजे अंतिम सांस ली। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित तमाम नेताओं ने जुबेर खान के निधन पर शोक व्यक्त किया। गहलोत ने एक्स पर लिखा, 'जुबेर खान अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध थे एवं आखिरी समय तक जनसेवा में लगे रहे। उनका जाना एक अपूरणीय क्षति है।

**कब्रिस्तान में अवैध निर्माण का आरोप, दिल्ली हाईकोर्ट ने मांगा जवाब**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी के ईदगाह रोड पर स्थित कब्रिस्तान में कथित अवैध निर्माण के मसले पर दिल्ली वक्फ बोर्ड पर चुप्पी साधने का आरोप लगाने वाली याचिका पर दिल्ली सरकार और बोर्ड से जवाब मांगा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने याचिका पर दिल्ली सरकार, दिल्ली वक्फ बोर्ड के साथ एमसीडी और दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किया है।

**मणिपुर के दो जिलों में कर्फ्यू में 11 घंटे की ढील**

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में लागू कर्फ्यू में शनिवार को सुबह 05 से शाम 04 बजे तक ढील दी गयी। 11 घंटे की इस ढील के दौरान लोग अपने-अपने घरों से आवश्यक कार्य के लिए बाहर निकले। इस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की खबर अब तक नहीं है। मणिपुर पुलिस के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में हालात सामान्य होने के मद्देनजर कर्फ्यू में 11 घंटे की ढील दी गयी ताकि लोग दवा, दूध, सब्जी और अन्य जरूरी वस्तुओं के लिए बाहर निकल सकें। उग्रवादी हमले के बाद छात्रों के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर 10 सितंबर को इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम और थौबल जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया था। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के मुताबिक एयरपोर्ट से आने-जाने वाले यात्रियों पर इस प्रतिबंध का कोई असर नहीं होगा।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा : मोदी

## पीएम ने डोडा में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पूर्व पहली चुनावी रैली को संबोधित किया

**एजेंसी । जम्मू**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने कहा कि हम और आप मिलकर जम्मू-कश्मीर को देश का एक सुरक्षित और समृद्ध हिस्सा बनाएंगे। 45 मिनट के अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के साथ परिवारवाद, पत्थरबाजी, कश्मीरी पंडित और अनुच्छेद 370 जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। जम्मू क्षेत्र के डोडा जिले में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आप याद करिए वो समय जब दिन ढलते ही यहां अघोषित कर्फ्यू लग जाता था। हालत ये थी कि तब कांग्रेस की केंद्र सरकार के गृहमंत्री तक लाल चौक जाने से डरते थे। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले 10 साल में यहां जो बदलाव आया है, वो किसी सपने से कम नहीं है। जो पत्थर पहले पुलिस और फौज पर फेंकने के लिए उठते थे, उन पत्थरों से नया जम्मू कश्मीर बन रहा है। विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को होने वाले मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री की यह पहली चुनावी रैली थी।



**'सुरक्षित जम्मू-कश्मीर मोदी की गारंटी'**

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सुरक्षित जम्मू-कश्मीर का निर्माण करेंगे। यह चुनाव जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि मैं आपके इस प्यार और आशीर्वाद का बदला आपके और देश के लिए दोगुनी और तिगुनी मेहनत से चुकाऊंगा। हम सब मिलकर एक सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर बनाएंगे और यह मोदी की गारंटी है।

**'जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला चुनाव'**

मोदी ने कहा, इस बार जम्मू-कश्मीर का चुनाव, जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला है। आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। यहां जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। उन्होंने सिर्फ और सिर्फ अपने बच्चों को आगे बढ़ाया। जम्मू-कश्मीर के मेरे नौजवान आतंकवाद में पिसते रहे और परिवारवाद को आगे बढ़ाने वाली पार्टियां आपको गुमराह करके मौज काटती रही। इन लोगों ने जम्मू-कश्मीर में नए नेतृत्व को कहीं भी, कभी भी उभरने ही नहीं दिया।

**'तीन खानदानों ने मिलकर जम्मू-कश्मीर को बर्बाद किया'**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। ये तीन खानदान...एक खानदान कांग्रेस का है, एक खानदान नेशनल कॉन्फ्रेंस का है और एक खानदान पीडीपी का है। इन तीन खानदानों ने मिलकर आपके साथ जो किया है वो किसी पाप से कम नहीं है। ये तीनों खानदान जम्मू-कश्मीर को दशकों दशक तक बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं। इन तीन खानदानों ने यहां भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। सरकारी नौकरियों में सिर्फ इन तीन खानदानों से जुड़े लोगों को आगे बढ़ाया गया। अलगाववाद को भी इन लोगों ने आगे बढ़ाया।

**'परिवारवादी नहीं चाहते थे कि युवा राजनीति में आएं'**

मोदी ने कहा कि यहां पंचायत के चुनाव 2000 के बाद नहीं हुए थे, यहां बीडीसी के चुनाव कभी भी नहीं हुए थे। दशकों तक परिवारवाद ने यहां के बच्चों और होनहार नौजवानों को आगे नहीं आने दिया। परिवारवादी नहीं चाहते थे कि युवा राजनीति में आए। 2014 में सरकार में आने के बाद मैंने जम्मू-कश्मीर में नौजवानों की नई लीडरशीप को आगे लाने का प्रयास किया है। फिर 2018 में यहां पंचायत के चुनाव कराए गए, 2019 में बीडीसी के चुनाव हुए और 2020 में पहली बार डीडीसी के चुनाव कराए गए। ये चुनाव इसलिए कराए गए ताकि जम्मू-कश्मीर में डेमोक्रेसी ग्रासरूट तक पहुंचे।

**'भाजपा ही आपको पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएगी'**

मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने का काम भी भाजपा ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं। ये लोग 370 को वापस लाना चाहते हैं। आपके लिए इसका मतलब क्या होगा। इसका मतलब होगा कि तीन खानदान मिलकर पहाड़ी समाज का आरक्षण फिर छीन लेंगे, वोटिंग का हक छीन लिया जाएगा।

# पीएम मोदी वंदे मेट्रो सहित एक दर्जन वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार से झारखंड, गुजरात एवं ओडिशा में तीन दिवसीय कार्यक्रमों के दौरान देश की पहली 'वंदे मेट्रो सहित एक दर्जन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें नई दिल्ली-वाराणसी के बीच चल रही वंदे भारत 20 कोच की हो जाएगी। जबकि भुज-अहमदाबाद के बीच वंदे मेट्रो का परिचालन सोमवार से शुरू हो जाएगा। वाराणसी को आगरा और वैद्यनाथ धाम (देवघर) को वंदे भारत से जोड़ दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम 15 से 17 सितंबर के बीच झारखंड, गुजरात एवं ओडिशा में हैं। प्रधानमंत्री रविवार को झारखंड के टाटानगर रेलवे जंक्शन पर टाटानगर-पटना (वाया बोकारो, कोडरमा) वंदे भारत ट्रेन को प्रत्यक्ष और शेष पांच ट्रेनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शेष पांच वंदे भारत ट्रेन भागलपुर-हावड़ा (वाया दुमका), ब्रह्मपुर-टाटानगर, गया-हावड़ा, वैद्यनाथ धाम-वाराणसी (वाया गया, नवादा, सासाराम) तथा राउरकेला-हावड़ा के बीच चलेंगी।



**रेल यात्रियों का सफर आसान**

इसके अगले कार्यक्रमों में मोदी सोमवार को गुजरात में भुज-अहमदाबाद के बीच देश की पहली वंदे मेट्रो सहित नागपुर-सिंकदराबाद, आगरा कैंट-बनारस (वाया टुडला, इटावा, कानपुर, प्रयागराज) रायपुर-विशाखापटनम, पुणे-हुबली, वाराणसी-नई दिल्ली (वाया लखनऊ, प्रयागराज) के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। अधिकारी ने बताया कि सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन से तीर्थ स्थलों, पर्यटक स्थलों के बीच रेल कनेक्टिविटी बेहतर बनेगी। इससे तीर्थाटन और पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ रेल यात्रियों का सफर आसान बनेगा। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि अहमदाबाद-भुज वंदे मेट्रो ट्रेन पूरी तरह से अनारक्षित और वातानुकूलित है। उन्होंने कहा कि यात्री ट्रेन के प्रस्थान से कुछ समय पहले काउंटर से टिकट खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा, ट्रेन में 1,150 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है जबकि 2,058 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे।

**झारखंड में 660 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और आधारशिला**

प्रधानमंत्री झारखंड में 660 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और लोकार्पण करेंगे। वह झारखंड के देवघर जिले में मधुपुर बाईपास लाइन और हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखेंगे। इससे मधुपुर बाईपास लाइन हावड़ा-दिल्ली मुख्य लाइन पर ट्रेनों की देरी से बचने में मदद करेगी और गिरिडीह और जसीडीह के बीच यात्रा के समय को कम करने में भी मदद करेगी। मोदी इसके अलावा, चार रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

# कच्छ में 'अज्ञात बुखार का कहर

### निगरानी तंत्र स्थापित

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ जिले में 'अज्ञात बुखार से 15 लोगों की मौत हो जाने के मद्देनजर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ऐसे प्रकोपों पर तुरंत प्रतिक्रिया के लिए एक निगरानी तंत्र स्थापित किया है। हवाई अड्डों, भूमि पत्तन और समुद्री बंदरगाहों जैसे प्रवेश स्थानों पर भी रोग की निगरानी की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी), आईएचआईपी (इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉरमेशन प्लेटफॉर्म) नेटवर्क और 'वन हेल्थ मिशन के माध्यम से एक प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किया है। ताकि, इस तरह के किसी भी प्रकोप से तुरंत निपटा जा सके। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान



परिषद (आईसीएमआर) की प्रयोगशालाओं का नेटवर्क रोग के लक्षणों का पता लगाएगा। गुजरात सरकार ने 'अज्ञात बुखार के प्रकोप के बाद कच्छ जिले की दो तालुकाओं के सात गांवों में विशेषज्ञ चिकित्सकों और 50 चिकित्सा दलों को तैनात किया है।

# केजरीवाल के घर के बाहर हुई आतिशबाजी

## दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास के बाहर पटाखे फोड़ने के संबंध में FIR दर्ज की है। यह घटना शुक्रवार को केजरीवाल के तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद उनके घर पहुंचने के बाद घटी थी। बता दें कि दिल्ली सरकार ने सोमवार को सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए शहर में पटाखों के उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

**रिहाई के बाद जश्न में की आतिशबाजी**



दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाला मामले में केजरीवाल की रिहाई की खुशी में सिविल लाइन स्थित उनके आवास बाहर जमकर आतिशबाजी की गई थी। केजरीवाल की रिहाई की खुमारी में आम आदमी पार्टी (AAP) कार्यकर्ताओं ने इसकी भी परवाह नहीं की कि दिल्ली में पटाखे चलाना प्रतिबंधित है। इससे पहले दिल्ली भाजपा के नेताओं ने सोशल मीडिया पर ऐसे कार्यकर्ताओं के कई वीडियो शेयर किए थे जो अरविंद केजरीवाल की रिहाई की खुमारी में पटाखे चला रहे थे।

**पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की FIR**

पुलिस अधिकारियों ने सिविल लाइंस पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेशों की अवज्ञा) के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बताया कि जश्न की वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए पहचान कर आरोपियों को नामजद किया जाएगा। बता दें कि केजरीवाल को केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) द्वारा दर्ज दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी थी।

**'प्रोजेक्ट चीता के दो वर्ष** > भारत आने के बाद से कूनो उद्यान में आठ चीतों की मौत हो चुकी

# भारत को नए जत्थे के लिए केन्या की मंजूरी का इंतजार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केन्या से चीतों के एक नए जत्थे लाने के लिए समझौता ज्ञापन प्रक्रिया प्रगति पर है। भारत ने इसे (समझौता ज्ञापन) अंतिम रूप दे दिया है और अफ्रीकी देश से इस पर मंजूरी का इंतजार है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस के महानिदेशक एस पी यादव ने हाल ही में बताया कि गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में बनाए जा रहे प्रजनन केंद्र के लिए भी चीते केन्या से लाए जाएंगे। चीता को फिर से बसाने के प्रयास के तहत अब तक 20 चीतों को मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया है। सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ और फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे।



**आठ वयस्क चीतों की मौत**

भारत आने के बाद से, आठ वयस्क चीतों की मौत हो चुकी है। इनमें तीन मादा और पांच नर चीते थे। भारत में 17 शावकों का जन्म हुआ, जिनमें से 12 जीवित हैं, जिससे कूनो में शावकों सहित चीतों की कुल संख्या 24 हो गई है। वर्तमान में, सभी चीते बाड़ों में हैं। इस पहल को 17 सितंबर को दो साल पूरे हो रहे हैं।

**समझौता प्रक्रिया प्रगति पर**

भारत में चीता को बसाने के लिए कार्य योजना में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और अन्य अफ्रीकी देशों से पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष लगभग 12-14 चीते लाने की बात कही गई है। केंद्र की चीता परियोजना संचालन समिति के सलाहकार यादव ने कहा, 'समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्रक्रिया प्रगति पर है। भारत ने इसे अंतिम रूप दे दिया है और केन्या सरकार को इसे मंजूरी देनी है। इसके बाद दोनों सरकारें एमओयू पर हस्ताक्षर करेंगी।

**बन्नी संरक्षण केंद्र में 16 चीतों की क्षमता**

यादव ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के साथ बातचीत जारी है। उसने पहले ही 12 से 16 अतिरिक्त चीतों को चिह्नित कर लिया है। बन्नी में स्थापित किए जा रहे संरक्षण प्रजनन केंद्र के लिए चीते भी केन्या से लाए जाएंगे और उन्हें लाने के लिए सर्दी का मौसम आदर्श समय है। पांच सौ हेक्टेयर के बाड़े में विकसित किए जा रहे संरक्षण प्रजनन केंद्र में 16 चीते रखे जा सकते हैं।

**'ट्रैंक्विलाइजर के जरिए देंगे रोगनिरोधी दवा**

कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में शिकार की कम संख्या के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जंगल में चीतों की संख्या पूरी तरह से शिकार की आबादी पर निर्भर करती है। अगर शिकार की आबादी उन्हें सहारा नहीं दे सकती तो हम और चीते नहीं छोड़ेंगे। यह हमारे नियंत्रण में है। कूनो के कर्मचारी जंगल में चीतों को 'ट्रैंक्विलाइजर के जरिए रोगनिरोधी दवा देंगे। अगर वे असफल होते हैं, तो जानवरों को फिर से पकड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# सिद्धारमैया ने दलित की जमीन पर अवैध तरीके से किया निर्माण: कुमारस्वामी



**एजेंसी । बेंगलुरु**

केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर आरोप लगाया कि उन्होंने उप मुख्यमंत्री रहते हुए एक एक दलित के लिए आवंटित जमीन पर अवैध तरीके से एक घर बनवाया। जद (एस) नेता ने कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) पर 14 जगहों पर जमीन के गलत तरीके से आवंटन के आरोप हैं, जिनकी जांच के लिए राज्यपाल ने मंजूरी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिद्धारमैया ने एक ऐसे दलित के लिए आवंटित जमीन पर अवैध तरीके से घर बनवाया जो शारीरिक रूप से सक्षम नहीं था।

**जाली दस्तावेजों के जरिए जमीन पर कब्जा**

कुमारस्वामी ने कहा, सिद्धारमैया ने एक दलित को 24 हजार रुपए का भुगतान करने के बाद हासिल की गई जमीन पर अवैध तरीके निर्माण कार्य किया। उन्होंने जाली दस्तावेजों के जरिए उस जमीन पर कब्जा किया और वहां एक घर बनवाया। उस व्यक्ति ने देखा कि उसकी जमीन पर किसी और का घर बना हुआ है। उसके पास सभी दस्तावेज हैं, जो आरोपों को सही साबित कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सिद्धारमैया ने कई अवैध काम किए हैं और इस मुद्दे को उजागर करने से नया विवाद खड़ा हो सकता है। कुमारस्वामी ने यह भी कहा कि सिद्धारमैया का जीवन एक खुली किताब नहीं है, जैसा कि वह दावा करते हैं। वे अब बताएं कि उस जमीन की बाद में बिक्री किसे की गई और अभी उसका मालिक कौन है। सिद्धारमैया 1996 से 1999 और 2004 से 2005 तक कर्नाटक के उप मुख्यंत्री रहे हैं। हालांकि, कुमारस्वामी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह घटना किस अवधि में हुई थी।